LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित रविवार 26 अप्रैल 2026 लोकतंत्र का स्तंभ


# भारत विश्वगुरु जरुर बनेगा

## इस पर किसी को शक नहीं होना चाहिएः भागवत

**एजेंसी। नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे, लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भागवत ने यह बात नागपुर में एक कार्यक्रम में कही। इस मौके पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री समेत कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि देश के भविष्य को लेकर कोई शक न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के मुताबिक कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत

**साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जीएं, इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाएं**



मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन के माध्यम से साकार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह का परिवर्तन वर्तमान पीढ़ी में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा- भारत के भविष्य पर संदेह न करें। साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जीएं और इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। भारत मजबूत होगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। लोगों को संदेह था कि राम मंदिर बनेगा या नहीं, लेकिन यह बन गया। उसी प्रकार भारत का विश्वगुरु बनना निश्चित है। उन्होंने कहा कि पिछले 150 सालों में विकसित हुई पश्चिमी सोच से भारत को नहीं समझा जा सकता। नागरिकों को इस विदेशी विचारधारा की परतों को उतार फेंकना होगा। यदि हम अपने संकल्प के मुताबिक कदम दर कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत, सदाचारी और वैश्विक मार्गदर्शक बनेगा। भागवत ने कहा कि भारत को सही मायने में समझने के लिए, लोगों को पहले भारत को गहराई से समझना होगा और फिर उसे अपने दैनिक जीवन में उतारना होगा। संघ प्रमुख ने नागरिकों से पश्चिमी सोच को त्यागने और विचार एवं व्यवहार में भारतीय परंपराओं से दोबारा जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन दैनिक जीवन में छोटे, लेकिन सार्थक बदलावों से शुरू होगा, जैसे कि भाषा, पहनावा, खान-पान की आदतें और सांस्कृतिक प्रथाएं। भारत को जानना, स्वीकार करना और दैनिक जीवन में जीना जरूरी है। इस बात पर जोर देते हुए कि आत्म-साक्षात्कार की ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से ही एक मजबूत और आत्मविश्वासी भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

# नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने पीएम से की मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लाहिड़ी से मुलाकात की तस्वीर साझा कर बधाई देते हुए कहा कि अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति में उनका व्यापक अनुभव भारत के सुधारों की दिशा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को मजबूत करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि लाहिड़ी के प्रयास देश में नीति-निर्माण को और अधिक गतिशील बनाएंगे। सरकारी अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ अर्थशास्त्री लाहिड़ी को शुक्रवार को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही आयोग की नई पूर्णकालिक टीम की भी घोषणा की गई है। नई टीम में राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है, जो सहकारी संघवाद, सुधारों और 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस बीच प्रो. गोबर्धन दास ने सोशल मीडिया पर अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण क्षण बताया।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### एक देश, 2 मतदाता सूची, 2 किस्म के नागरिक

सरकार और राज्य सरकारोंके चुनाव अधिकारों को लेकर देशभर में चर्चा का विषय बनकर सामने आ रहे हैं। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव कराने की जिम्मेदारी केंद्रीय चुनाव आयोग की होती है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 22 से अधिक राज्यों में एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चला रखा है। अभी तक जिन राज्यों में एसआईआर हुई है, उन राज्यों में लगभग 5.50 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग ने उन्हें मतदान योग्य नागरिक नहीं माना है। जिस तरह से अभी तक एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, उसके अनुसार एसआईआर का काम पूर्ण होने पर लगभग 10 करोड़ मतदाताओं के नाम कटना तय माना जा रहा है। इसी बीच राज्य चुनाव आयोग द्वारा भी नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों के लिए अलग से मतदाता सूची तैयार की जाती है राज्य स्तर की मतदाता सूची और केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची में बड़े राज्यों में करोड़ों मतदाताओं का अंतर है।

इस बात को सबसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उजागर करते हुए कहा था, राज्य की मतदाता सूची में जो नाम दर्ज हैं, उनके नाम केंद्रीय मतदाता सूची में क्यों नहीं हैं। यही सवाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी लगातार उठाती आ रही हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय एवं पंचायत के चुनाव की तैयारी शुरु हो गई है। म.प्र. के राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा है, 2027 में होने वाले चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर ही चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। हाल ही में केंद्रीय चुनाव आयोग के आदेश पर जो परिसीमन हुआ था। वह मतदाता सूची राज्य चुनाव आयोग मान्य नहीं कर रहा है। जिस तरह की स्थिति देश में चुनावों को लेकर बन रही है, उसमें केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग की मतदाता सूची को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। राज्य सरकारों और राज्य चुनाव आयोग राज्य की तैयार मतदाता सूची से ही चुनाव कराना चाहती हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो संपूर्ण राज्य में जगह-जगह मतदाता विरोध में खड़े हो जाएंगे।

राज्यों में स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों का चुनाव होता है। ऐसी स्थिति में राज्यों की राजनैतिक एवं कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। जिस तरह के हालत अभी देखने को मिल रहे हैं। उसके बाद यह कहने में संकोच नहीं है, भारत एक देश है। इसके बाद भी केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग की मतदाता सूची अलग-अलग है। केंद्रीय चुनाव आयोग के नियम कानून और निर्देश पर राज्यों के चुनाव आयोग काम करते हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग जिन्हें मतदाता नहीं मान रहा है। राज्य का चुनाव आयोग उन्हें मतदाता मानता है। नागरिकता तय करने का अधिकार केंद्रीय गृह मंत्रालय को है। केंद्रीय गृह मंत्रालय चुप है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में मतदान दस्तावेजों की जांच पूरी, पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने तमिलनाडु की सभी सीटों और पश्चिम बंगाल में प्रथम चरण के मतदान




के बाद फॉर्म 17ए (मतदाता रजिस्टर) एवं अन्य चुनावी दस्तावेजों की जांच पूरी करने के बाद कहा है कि किसी भी केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गयी है। चुनाव आयोग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह प्रक्रिया 24 अप्रैल को दोनों राज्यों में निर्वाचित अधिकारियों की देखरेख में और पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में पूरी कर ली गई। पश्चिम बंगाल की 152 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान के बाद 1,478 उम्मीदवारों को जांच की तारीख, समय और स्थान की जानकारी दी गई थी। जांच में 600 से अधिक उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 44,376 मतदान केंद्रों की जांच के बाद किसी भी केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान के बाद 4,023 उम्मीदवारों को जांच प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सूचित किया गया था। 1,825 उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। 75,064 मतदान केंद्रों की जांच के बाद भी किसी केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई। चुनाव आयोग ने बताया कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई और जांच के बाद फॉर्म 17ए और संबंधित सामग्री को पुनः सील किया गया।

### पुरुष धोती-कुर्ता तो महिलाएं साड़ी या सूट पहन करें रामलाल के दर्शन



**अयोध्या।** भीषण गर्मी और बढ़ती श्रद्धालु संख्या के बीच राम मंदिर अयोध्या में दर्शन व्यवस्था को ज्यादा सुगम बनाने के लिए ट्रस्ट ने नई एडवाइजरी जारी की है। ऑनलाइन दर्शन पास बुकिंग के फॉर्मेट में बदलाव किया गया है, जबकि समग्र व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं से भारतीय परिधान में दर्शन करने की अपील की गई है। गर्मी के कारण दर्शन के समय और भीड़ के पैटर्न में भी बदलाव किया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन और ट्रस्ट दोनों स्तर पर व्यवस्थाएं लगातार अपडेट की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारतीय परिधान में मंदिर में प्रवेश करें। पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता या धोती-पजामा और महिलाओं के लिए साड़ी, पंजाबी ड्रेस या चूड़ीदार-दुपट्टा पहनने की सलाह दी गई है। हालांकि, इसे अनिवार्य नहीं किया गया है, लेकिन ट्रस्ट ने इसे धार्मिक और सांस्कृतिक मर्यादा के अनुरूप बताया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट पर दर्शन पास बुकिंग के फॉर्मेट में बदलाव किया गया है। अब सामान्य दर्शन पास के साथ अन्य श्रेणियों के विकल्प भी दिए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को अपनी सुविधा के मुताबिक पास चुनने में आसानी होगी।

# असम में सेंचुरी तो पश्चिम बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगेः सीएम सरमा



**कोलकाता।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि इस बार हम असम में सेंचुरी और बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भरोसे से कह सकता हूं कि बंगाल में पहले चरण में ही बीजेपी 110 सीटें जीत चुकी है। उन्होंने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बांग्लादेश से आने वालों के कारण अगले दो दशकों में असम और बंगाल में हिंदू अपना बहुमत का दर्जा खो देंगे। सीएम हिमंता ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ यहीं से आएंगे। इससे पश्चिम बंगाल और पूरे देश की जनसंख्या संरचना बदलेगी। पश्चिम बंगाल चुनाव में हर भारतीय की हिस्सेदारी है, क्योंकि इसका असर पूरे देश पर पड़ेगा, खासकर बंगाल और असम पर। उन्होंने कहा कि जब संख्या 50फीसदी से ऊपर जाती है तो शरिया कानून की मांग भी शुरू होती है। धर्मनिरपेक्षता तब तक सुरक्षित है, जब तक जनसंख्या संतुलन बना रहता है। सीएम ममता कहती हैं कि बीजेपी सांप्रदायिकता फैला रही है, लेकिन बीजेपी देश के किसी भी राज्य में गीता या भागवत का शासन लागू करने की मांग नहीं करती। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वहीं टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को पहले फेज के 152 सीटों में से 125 से 135 सीटें मिलेगी। ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इधर चुनाव आयोग ने चुनाव आयोग ने लापरवाही बरतने और निष्पक्षता नहीं रखने पर पांच पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है।

# मणिपुर में भड़की हिंसा, गोलीबारी में 3 की मौत

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के उखरुल जिले में एक बार फिर जातीय हिंसा की आग भड़क उठी। दो अलग-अलग स्थानों पर हुई भीषण गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की जान चली गई है, जिससे राज्य में व्याप्त तनाव और अधिक गहरा गया है। पिछले काफी समय से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रहे जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर के लिए अब उखरुल में नगा और कुकी समुदायों के बीच पनपा यह नया विवाद चिंता का विषय बन गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार तड़के उखरुल जिले के सीनाकेइथेई गांव के पास तांगखुल नगा और कुकी समुदाय के सशस्त्र समूहों के बीच हिंसक

**नगा और कुकी समुदायों के बीच तनाव गहराया**



झड़प हुई। इस भीषण गोलीबारी में 29 वर्षीय तांगखुल युवक होरशोकमी जमांग की मौत हो गई, जो कामजोंग जिले के चाट्रिक खुलेन गांव का निवासी था। इस घटना में तीन अन्य नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तांगखुल नगा लॉन्ग (टीएनएल) ने आरोप लगाया है कि सोओ समझौते के तहत आने वाले कुकी उग्रवादियों ने नगा विलेज गार्ड्स पर उस समय घात लगाकर हमला किया जब वे गश्त पर थे। वहीं, दूसरी हिंसक घटना पास के कुकी बहुल मुल्लम गांव में घटित हुई। यहाँ हुई झड़प में दो कुकी युवकों, लेतलाल सितल्हो (जेम्स कुकी) और पाओमिनलुन हाओलाओ (हितलाल कुकी) की मौत हो गई। ये दोनों युवक कांगपोकपी जिले के रहने वाले थे। मुल्लम ग्राम प्राधिकरण और कुकी संगठनों का दावा है कि शुक्रवार सुबह तांगखुल उग्रवादियों ने उनके गांव पर हमला किया और मुल्लम तथा सोंगफाल गांवों में कई घरों को आग के हवाले कर दिया। उखरुल जिला, जो मुख्य रूप से तांगखुल नगा बहुल क्षेत्र है, वहां फरवरी 2026 से ही दोनों समुदायों के बीच तनाव बना हुआ है।

## कैंसर बचाव के लिए जन-जागरूकता जरूरीः उपराष्ट्रपति

**जयपुर।** जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सी.पी. राधाकृष्णन ने कैंसर से बचाव के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस समारोह में उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए मानसिक मजबूती बेहद महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने युवाओं से विशेष रूप से तंबाकू और नशीले पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया, जिन्हें कैंसर के प्रमुख कारणों में गिना जाता है। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान की तर्ज पर 'कैंसर मुक्त अभियान' चलाने की जरूरत बताई और कहा कि समय की मांग है कि समाज को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कीमोथेरेपी जैसी कठिन प्रक्रिया के विकल्प के रूप में दवाओं के जरिए इलाज की दिशा में हो रही प्रगति उत्साहजनक है। साथ ही, उन्होंने शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को भी कैंसर से बचाव के लिए अहम बताया और बढ़ते मरीजों की संख्या पर चिंता जताई। उपराष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के तहत कैंसर रोगियों को सालाना पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## विपक्षी सांसदों ने ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने दिया नोटिस




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में अबतक के ऐतिहासिक मतदान के बीच विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की अपनी मुहिम की नई सिरे से शुरुआत की है। इसके लिए 13 विपक्षी दलों के 73 राज्यसभा सांसदों ने शुक्रवार को सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए नोटिस दिया है। विपक्ष कुछ हफ्ते पहले ही सीईसी ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने के लिए लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में कोशिश कर चुका है, लेकिन राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने नोटिस के जांच के चरण में ही उसे स्वीकार्य नहीं किए जाने योग्य मानते हुए खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्यसभा में विपक्ष के पास ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने का बहुमत नहीं है। ऊपर से शुक्रवार को ही राज्यसभा में 10 सांसदों वाले विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के 7 सांसद राघव चड्ढा की अगुवाई में खुद को सत्ताधारी बीजेपी में विलय कर चुके हैं। विपक्ष ने अभी तक लोकसभा में भी इसी तरह का ताजा प्रस्ताव लाने के लिए अभी खुद को तैयार नहीं किया है।

# न्यूक्लियर ट्रायड हुआ पूरा, तीसरी परमाणु पनडुब्बी वापस आई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने 3 अप्रैल 2026 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में शिप बिल्डिंग सेंटर में आईएनएस अरिदमन, देश की तीसरी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी को चुपचाप नौसेना में शामिल कर लिया। ये एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सबसे दिलचस्प बात ये है कि भारत ने इस ऐतिहासिक कामयाबी का जश्न नहीं मनाया और कोई औपचारिक घोषणा भी नहीं की, लेकिन देश के रक्षा मंत्री ने एक पोस्ट में कहा शब्द नहीं शक्ति, अरिदमन। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईएनएस अरिदमन को भारतीय



नौसेना में शामिल होना कई मायनो में काफी अहम है। समुद्र में एक एसएसबीएन की मौजूदगी तय करती है कि देश के पास जवाबी हमला करने की क्षमता मौजूद है। हालांकि भारत पहले परमाणु बम इस्तेमाल नहीं करने की नीति को मानता है कि लेकिन हमला होने की स्थिति में तत्काल परमाणु हमला करने की क्षमता भी रखता है। इस सिद्धांत को पूरा करने के लिए कम से कम तीन पनडुब्बियों की जरूरत होती है। जिसका मतलब होता है कि एक पनुडुब्बी हमेशा गश्त पर रह सके और बाकी दो पनडुब्बियों का रखरखाव और मरम्मत हो सके। भारत की पहली स्वदेशी एसएसबीएन, आईएनएस अरिहंत को 1980 के दशक में शुरू हुए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोग्राम के तहत एक टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर के तौर पर विकसित किया गया था। 6000 टन वाली और 83 एमडब्ल्यू के रिएक्टर से चलने वाली अरिहंत को 2009 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह की सरकार में पानी में उतारी थी और अगस्त 2016 में इसे चुपचाप नौसेना में शामिल कर लिया गया था।

# पश्चिम बंगालः दूसरे चरण के मतदान से पहले ईडी की बड़ी कार्रवाई, नौ ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**


पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने शनिवार सुबह करीब 9 बजे कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न जिलों में एक साथ नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई मुख्य रूप से कोलकाता, बर्दवान और हाबरा में स्थित उन परिसरों पर की जा रही है, जो राशन वितरण प्रणाली से जुड़े सप्लायर्स और एक्सपोर्टर्स के बताए जा रहे हैं। यह पूरी जांच सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हुई कथित अनियमितताओं और उससे जुड़े करोड़ों रुपये के वित्तीय लेनदेन के इर्द-गिर्द घूम रही है। ईडी




की टीमें अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचकर महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने मिलकर गरीबों के हक का गेहूं अवैध तरीके से हड़प लिया। आरोप है कि सप्लायर्स, डीलरों और बिचौलियों के एक संगठित नेटवर्क के जरिए सरकारी गेहूं को कम कीमत पर खरीदा गया और फिर उसे सिस्टम से बाहर कर दिया गया। घोटाले को छिपाने के लिए भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार के चिन्ह वाले बोरों को बदलकर गेहूं की पहचान मिटा दी गई, ताकि उसे खुले बाजार या विदेशों में निर्यात किया जा सके। इस मामले में पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां की मुश्किलें भी बढ़ती नजर आ रही हैं। यह मामला मुख्य रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के समय का है, जब बशीरहाट के सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेश को गेहूं और चावल की तस्करी करते हुए कई ट्रक जब्त किए गए थे। उस समय नुसरत जहां बशीरहाट से ही सांसद थीं। जांच के दौरान राशन तस्करी के तार नुसरत जहां से जुड़ते दिख रहे हैं, जिसके चलते ईडी उनसे इस अवैध कारोबार के बारे में विस्तार से पूछताछ करना चाहती है। नुसरत जहां पहले भी जांच एजेंसियों के रडार पर रही हैं।

## के. कविता ने लॉन्च की नई पार्टी 'टीआरएस'

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शनिवार को के. कविता ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी 'तेलंगाना राष्ट्र सेना (टीआरएस)'



की औपचारिक घोषणा की। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से अलग होने के करीब सात महीने बाद उठाए गए इस कदम को राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। न्यू पार्टी लॉन्च कार्यक्रम हैदराबाद में आयोजित किया गया, जहां के कविता ने बड़ी संख्या में समर्थकों के बीच अपनी नई पार्टी के नाम का ऐलान किया। दिलचस्प बात यह है कि 'टीआरएस' नाम पहले उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा स्थापित पार्टी का ही मूल नाम था, जिसे बाद में बदलकर बीआरएस कर दिया गया था। इससे पहले कविता ने गन पार्क स्थित अमरवीरुला स्तूपम पर जाकर 1969 के तेलंगाना आंदोलन में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनकी नई पार्टी राज्य के अधूरे एजेंडे और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए समर्पित होगी।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## खास खबर

### बकाया रकम मांगने पर टेंट कारोबारी के हाथ काटने की कोशिश

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** द्वारका जिले के डाबड़ी थाना क्षेत्र में बकाया भुगतान मांगने गए टेंट कारोबारी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शादी का बकाया पैसा मांगने पहुंचे कारोबारी के दोनों हाथ ग्राइंडर से काटने की कोशिश की गई। गंभीर हालत में घायल को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में एम्स रेफर किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो किशोरों को हिरासत में लिया गया है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशलपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि, 24 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे पीसीआर कॉल मिली कि विजय एन्क्लेव इलाके में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के हाथ ग्राइंडर से काट दिए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की पहचान 32 वर्षीय लोकेश गुप्ता के रूप में की, जो विजय एन्क्लेव का निवासी है और हलवाई तथा टेंट सर्विस का काम करता है। जांच में सामने आया कि आरोपित अजय पाल ने अपनी बेटी की शादी के लिए 20 अप्रैल को लोकेश से टेंट और कैटरिंग की सेवा ली थी। कुल 2.5 लाख रुपये में सौदा हुआ था, जिसमें से करीब 2 लाख रुपये अभी बाकी थे। आरोप है कि जब लोकेश बकाया रकम लेने अजय पाल के घर पहुंचा तो आरोपित ने अपने 2-3 साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपितों ने लोकेश को पकड़कर ग्राइंडर मशीन से उसके दोनों हाथ काटने का प्रयास किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल को पहले राशि मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर एम्स रेफर कर दिया गया।पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर पीड़ित का बयान दर्ज किया। मेडिकल जांच में पुष्टि हुई कि घायल को धारदार हथियार से गंभीर चोटें पहुंचाई गई हैं। इसके बाद डाबड़ी थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मुख्य आरोपित अजय पाल (53) को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में शामिल दो किशोरों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और फरार अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। शुरुआती जांच में मामला बकाया भुगतान के विवाद से जुड़ा पाया गया है।

### अमर कॉलोनी हत्या केसः राहुल मीणा को लेकर पीड़िता के घर पहुंची पुलिस

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी स्थित कैलाश हिल इलाके में 22 वर्षीय युवती की हत्या और दुष्कर्म के मामले में दिल्ली पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोपित राहुल मीणा को पुलिस शनिवार सुबह पीड़िता के घर लेकर पहुंची, जहां फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम की मौजूदगी में पूरे क्राइम सीन का रीक्रिएशन कराया गया। इस दौरान आरोपित से वारदात का एक-एक पल दोहरवाया गया और पुलिस ने घटनास्थल से जुड़े कई अहम तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों को केस डायरी में दर्ज किया।करीब सुबह 9:45 बजे भारी पुलिस बल और जांच टीम के साथ राहुल मीणा को पीड़िता के घर लाया गया। इससे पहले सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की बैरिकेडिंग कर दी गई थी ताकि किसी बाहरी व्यक्ति की आवाजाही न हो सके। आरोपित को उसी रास्ते से घर के अंदर ले जाया गया, जिससे वह वारदात के दिन फ्लैट तक पहुंचा था। पुलिस ने उससे बिल्डिंग में प्रवेश, घर का दरवाजा खोलने, कमरे तक पहुंचने और वारदात के दौरान उसकी गतिविधियों को विस्तार से दोहरवाया। संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय कुमार खबर पुष्टि की।जांच में सामने आया कि आरोपित ने चाबी का इस्तेमाल कर घर का दरवाजा खोला था और सीधे अंदर प्रवेश कर गया। इसके बाद वह स्टडी रूम और कमरे तक पहुंचा, जहां पीड़िता मौजूद थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने घर के भीतर पहले लूटपाट की नीयत से तलाशी ली और फिर वारदात को अंजाम दिया। रीक्रिएशन के दौरान आरोपित से उन सभी स्थानों की पहचान कराई गई, जहां कथित तौर पर दुष्कर्म, हत्या और लूटपाट की घटनाएं हुईं। एफएसएल टीम ने हर मूवमेंट की वीडियोग्राफी की और मौके से जुटाए गए साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन किया। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में कई महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं, जो आरोप-पत्र को मजबूत कर सकते हैं। इनमें पीड़िता के खून से सने कपड़े, घर में मिले रक्त के धब्बे, चार्जर की वह केबल जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने का आरोप है, और टेबल लैंप शामिल है, जिससे कथित तौर पर युवती के सिर पर हमला किया गया।

### 47 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे घोषित भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान 27 वर्षीय प्रदीप उर्फ काके के रूप में हुई है। वह विनोद नगर का रहने वाला है। वह वर्ष 2019 में लक्ष्मी नगर थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में वह वांछित था और अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित अपराधी करार दिया जा चुका था।क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि वर्ष 2019 में लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने आरोपित को अवैध हथियार (चाकू) के साथ पकड़ा था। उसके खिलाफ एफआईआर संख्या 230/2019 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद आरोपित को जमानत मिल गई थी, लेकिन वह ट्रायल के दौरान अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। लगातार गैरहाजिर रहने पर कड़कड़डूमा स्थित जेएमएफसी कोर्ट ने उसे घोषित भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया।आरोपित की गिरफ्तारी के लिए साउदर्न रेंज क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपित के ठिकानों की जानकारी जुटाई। कई दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में निगरानी और दबिश के बाद पुलिस ने 24 अप्रैल को वेस्ट विनोद नगर से आरोपित को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि प्रदीप उर्फ काके मंडावली थाने का घोषित बदमाश है और 2017 से लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय है। उसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में लूट, झपटमारी, चोरी, वाहन चोरी, सेंधमारी और अवैध हथियार रखने समेत कुल 47 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपित दिल्ली और आसपास के इलाकों में सक्रिय एक आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा था तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहता था।

### हत्या के प्रयास मामले में घोषित भगोड़ा अपराधी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के प्रयास के एक मामले में भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान इरफान उर्फ चांद मोहम्मद के रूप में हुई है, जो भलस्वा डेयरी की जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपित नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था और लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शनिवार के बताया कि, इरफान के खिलाफ वर्ष 2022 में नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच और अदालत की कार्यवाही के दौरान आरोपित फरार हो गया तथा बार-बार दबिश के बावजूद पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। लगातार गैरहाजिर रहने पर अदालत ने 14 मई 2025 को उसे भगोड़ा घोषित किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-1 टीम को आरोपित की तलाश की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित दिल्ली क्षेत्र में मौजूद है और एक स्थान से दूसरे स्थान पर छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार रात जाल बिछाकर आरोपित को दबोचा। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में अलग-अलग ठिकानों पर छिप रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएसएस की संबंधित धाराओं के तहत कलंदरा भी दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास के अलावा वर्ष 2019 में हरियाणा के फरीदाबाद जीआरपी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है। दोनों मामलों में वह अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपित एक स्कूल ड्रॉपआउट है और ऑटो चालक का काम करता था। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और उसके अन्य आपराधिक संबंधों व गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

# दिल्ली विधानसभा में 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' का शुभारंभ

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने आज 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। यह पहल विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई, जिसकी शुरुआत महार्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन गीता कॉलोनी के 75 विद्यार्थियों के प्रथम दल के विधानसभा भ्रमण से हुई। यह जानकारी आज दिल्ली विधानसभा की ओर से जारी बयान में दी गई है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब प्रत्येक शनिवार को विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी दिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे, जिससे उन्हें विधायी कार्य प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ किया जा सकेगा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक विकास से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि वर्तमान विधानसभा भवन का निर्माण वर्ष 1912 में हुआ था, जो पूर्व में केंद्रीय विधानसभा का स्थल रहा है। साथ ही विट्ठल भाई पटेल की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए यह भी रेखांकित किया गया कि वर्ष 1993 में पुनः स्थापना के बाद से दिल्ली विधानसभा लोकतांत्रिक शासन के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विधायी प्रक्रियाओं एवं संस्थागत कार्यप्रणाली पर एक संरचित परिचय सत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर 'एक शताब्दी यात्रा' नामक स्मारक कॉफी टेबल बुक भेंट की गई तथा पद्म भूषण से सम्मानित अभिनेता अनुपम खेर की आवाज में तैयार विधानसभा के संस्थागत इतिहास पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को विधानसभा भवन का मार्गदर्शित भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। 'यूथ आउटरीच कार्यक्रम' की घोषणा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह पहल नागरिकों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके माध्यम से युवा वर्ग को यह समझने का अवसर मिलेगा कि कानून कैसे बनाए जाते हैं और सार्वजनिक जीवन तथा लोकतांत्रिक शासन किन मूल सिद्धांतों पर आधारित है। गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता जागरूक, सूचित और जिम्मेदार नागरिकों पर निर्भर करती है। संस्थाओं के साथ निरंतर जुड़ाव, भागीदारी की संस्कृति, जवाबदेही और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहले युवाओं में नागरिक चेतना विकसित करने और लोकतांत्रिक समाज की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा सचिवालय की एक सुविचारित पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संसदीय प्रक्रियाओं एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों को सार्वजनिक जीवन एवं विधायी कार्यों से निरंतर रूप से जोड़ना है।

## पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार में राहुल गांधी ने मोदी-ममता पर साधा निशाना

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो भ्रष्ट हैं ही, प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी उनसे कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों सिर्फ सत्ता चाहते हैं, उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। शनिवार को हुगली में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों पर पुरजोर तरीके से घेरते हुए कहा कि शारदा चिट फंड, रोज़ वैली चिट फंड जैसे घोटालों में जनता से हजारों करोड़ रुपये चोरी किए गए। उन्होंने तृणमूल नेताओं को कोयला स्मगलिंग, गैरकानूनी खनन और गुंडा टैक्स वसूली में भी संलिप्त बताया। बेरोजगारी और उद्योगों के बंद होने का मुद्दा उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकारों ने कई बड़े-बड़े उद्योग स्थापित किए। पश्चिम बंगाल कभी देश का 'औद्योगिक केंद्र' हुआ करता था, उसे पहले वामपंथी और फिर तृणमूल सरकार ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि पटसन मिलें बंद हो गईं और एंबेसडर कार बनाने वाली फैक्ट्रियां खत्म हो गईं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू कर देश में छोटे-मध्यम उद्योगों को खत्म कर दिया। इसी तरह, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में उद्योग खत्म कर दिए।

# गुरुग्राम में "Women & Fire Safety" पहल का सफल आयोजन, महिलाओं को सुरक्षा नेतृत्व के लिए किया प्रेरित

लोकतंत्र की शान






**गुरुग्राम :** गुरुग्राम में एक सार्थक और समय की आवश्यकता से जुड़ी पहल के तहत "Women & Fire Safety: Leadership for Safer Spaces" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन NISCAM द्वारा संस्थापक पूजा मागो के नेतृत्व में किया गया। यह पहल महिलाओं के लिए अपनी तरह की एक अनूठी शुरुआत है, जिसका उद्देश्य उन्हें अग्नि सुरक्षा जागरूकता, आपदा प्रबंधन और सुरक्षित वातावरण निर्माण में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना है। वर्तमान समय में देशभर में आगजनी की बढ़ती घटनाएं, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन तैयारियों की कमी गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

**इस अवसर पर पूजा मागो, संस्थापक - NISCAM ने कहा,** "सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह जन-जागरूकता का एक व्यापक आंदोलन बनना चाहिए। महिलाएं परिवार, कार्यस्थल और समाज की मजबूत आधारशिला हैं। यदि उन्हें अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की सही जानकारी दी जाए, तो वे पूरे समाज को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।" कार्यक्रम में शिक्षा, कॉर्पोरेट, कानूनी, उद्यमिता, सुरक्षा, प्रशासन और सामाजिक विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिला पेशेवरों ने भाग लिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अनुभव, विचार और प्रेरणा से समृद्ध बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमनाथ भारती, अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय एवं पूर्व विधायक, दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। उन्होंने सुरक्षित समाज के निर्माण में सामूहिक जिम्मेदारी और महिलाओं की नेतृत्व भूमिका पर जोर दिया।

**कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर चर्चा की गईः**

- दैनिक जीवन में अग्नि सुरक्षा जागरूकता
- आपातकालीन परिस्थितियों में तैयारी
- संकट प्रबंधन में महिलाओं की नेतृत्व भूमिका
- सुरक्षित कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थान
- सामुदायिक जागरूकता एवं रोकथाम

इस पहल को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया और इसे समय की आवश्यकता बताया गया। उपस्थित लोगों ने इसे प्रेरणादायक, उपयोगी और समाजहित में एक प्रभावी प्रयास बताया। इस सफल आयोजन के साथ NISCAM ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण सत्र और सामुदायिक अभियानों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और सुरक्षित वातावरण के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## जहांगीर पुरी हत्याकांड में फरार तीन आरोपित गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में 17 वर्षीय किशोर की चाकू गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान शेख इशाक (52), उसके बेटे दिलशाद (29) और इरफान (22) के रूप में हुई है। तीनों जहांगीर पुरी के एच-2 ब्लॉक के रहने वाले हैं और वारदात के बाद लगातार दिल्ली व यूपी के लोनी क्षेत्र में ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि पांच अप्रैल की रात जहांगीर पुरी के रामलीला ग्राउंड स्थित रिक्शा पार्किंग के पास 17 वर्षीय किशोर पर कई लोगों ने ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में उसके भाई अरमान ने उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही जहांगीर पुरी थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मृतक के भाई हकीम अली शाह ने पुलिस को बताया था कि पुरानी रंजिश के चलते दिलशाद, इरफान, राजाबुल, इमरान और शेख इशाक ने उसके भाई को घेर लिया था। आरोपितों ने पहले उसे पकड़ा, जमीन पर गिराया और फिर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने 7 अप्रैल को एक आरोपित और एक किशोर को पकड़ लिया था, जबकि मुख्य आरोपित फरार चल रहे थे। क्राइम ब्रांच की एनआर-दो टीम को फरार आरोपितों की तलाश की जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस टीम ने गाजियाबाद के लोनी स्थित सभापुर अंडरपास के पास दबिश देकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि मृतक और उसके भाई से उनका पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि मृतक ने एक आरोपित की पत्नी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था, जिससे आरोपित परिवार रंजिश मान बैठा। बदला लेने के लिए पांच अप्रैल को सभी ने हत्या की साजिश रची। दिलशाद ने चाकू की व्यवस्था की और साथियों में बांटे। इसके बाद सभी रामलीला ग्राउंड पहुंचे, जहां किशोर को पकड़कर जमीन पर गिराया गया और कई वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित शेख इशाक मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और करीब 40 साल पहले दिल्ली आकर जहांगीर पुरी में बस गया था। वह इलाके में ई-रिक्शा पार्किंग चलाता है। उसके बेटे दिलशाद और इरफान भी उसी काम में हाथ बंटाते हैं। पुलिस के मुताबिक दिलशाद पहले 2022 के जहांगीर पुरी दंगा मामले में भी शामिल रह चुका है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों ने न केवल बदला लेने बल्कि इलाके में अपना दबदबा कायम रखने के लिए इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब मामले में फरार अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।

## तेज रफ्तार थार से दो लोगों को कुचलने के आरोपित को जमानत

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने अगस्त 2025 में चाणक्यपुरी में तेज रफ्तार थार से कुचलकर दो लोगों को मारने के आरोपित चालक आशीष बच्चास को जमानत दे दी है। एडिशनल सेशंस जज सौरभ प्रताप सिंह ललेर ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने आशीष को 50 हजार रुपये के दो मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने आशीष को कोर्ट की अनुमति के बिना देश के बाहर नहीं जाने को कहा है। इसके साथ ही वो किसी भी गवाह को धमकाने या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेगा। कोर्ट ने आशीष को निर्देश दिया कि वो जांच अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर दे और अपना मोबाइल हमेशा चालू स्थिति में रखे। घटना 10 अगस्त 2025 की है। सुबह सफेद रंग की तेज रफ्तार थार ने फुटपाथ पर चल रहे दो राहगीरों को कुचल दिया था। थार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वो दोनों राहगीरों को कुछ दूर तक घसीटता चला गया। हादसे के बाद गाड़ी का आगे का एक पहिया भी निकल गया। हादसे के बाद आशीष को मौके पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि उसकी आंख लग गई थी जिसकी वजह से ये हादसा हुआ।इस घटना में एक राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने थार से शराब की बोतल भी बरामद की थी। आरोपित आशीष पूर्वी दिल्ली का रहने वाला है और वो घटना के दिन धौला कुआं से घर लौट रहा था। थार आशीष की नहीं थी बल्कि उसके गाजियाबाद के रहने वाले उसके दोस्त अंकित की थी।

## अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश, उप्र के दो सप्लायर समेत तीन गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड (एएनएस) ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 475 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में शाहजहांपुर (उप्र) के दो सप्लायरों समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि, पूर्वी जिले में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो अप्रैल को सूचना मिली कि मोहम्मद आरिफ नामक तस्कर गाजीपुर रोड स्थित पुराने आरआरटीएस साइट के पास स्मैक की खेप पहुंचाने आने वाला है। सूचना के आधार पर एएनएस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 270 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई।पूछताछ में आरोपित मोहम्मद आरिफ ने खुलासा किया कि वह यह नशीला पदार्थ शाहजहांपुर निवासी अमित और विकास से खरीदता था और दिल्ली-एनसीआर में ऊंचे दाम पर बेचता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केवल पेडलर की गिरफ्तारी से नेटवर्क खत्म नहीं होता, इसलिए टीम को पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद तकनीकी निगरानी और लगातार छापेमारी के बाद शाहजहांपुर निवासी दोनों सप्लायर अमित और विकास को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से 205 ग्राम अतिरिक्त स्मैक बरामद हुई। जांच में पता चला कि मोहम्मद आरिफ खुद भी नशे का आदी है और इसी दौरान उसकी पहचान इन सप्लायरों से हुई थी। शुरुआत में वह छोटी मात्रा में नशा खरीदकर बेचता था, लेकिन बाद में ज्यादा मुनाफे के लालच में थोक सप्लाई लेने लगा। पिछले कई महीनों से वह ब्रह्मपुरी इलाके में किराए पर रहकर यह धंधा चला रहा था। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपित आर्थिक लाभ के लिए संगठित तरीके से नशे का कारोबार कर रहे थे। वे शहरी इलाकों में नशे के आदी लोगों को निशाना बनाकर सप्लाई करते थे। बरामद 475 ग्राम स्मैक व्यावसायिक मात्रा की श्रेणी में आती है।पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपितों का नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर में किन-किन इलाकों तक फैला हुआ था और इनके संपर्क में अन्य कौन-कौन तस्कर हैं। अधिकारियों का कहना है कि नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को लेकर ऐसे नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए मुरादाबाद (उप्र) में चल रही एक अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से तीन देशी कट्टे, 12 जिंदा कारतूस और भारी मात्रा में हथियार बनाने का कच्चा माल व उपकरण बरामद किए हैं। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने शनिवार को बताया कि 21 अप्रैल की शाम वजीराबाद थाना क्षेत्र में यमुना खादर पुस्ता रोड, हनुमान चौक के पास गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर मोहम्मद अयूब (49) को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से दो देशी कट्टे और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में अयूब ने बताया कि उसने हथियार मुरादाबाद निवासी सोनू से खरीदे थे। इसके बाद वजीराबाद थाना पुलिस ने तकनीकी निगरानी शुरू की और आरोपित अयूब को साथ लेकर मुरादाबाद पहुंची। 22 अप्रैल को पुलिस ने एक परिसर पर छापा मारकर वहां चल रही अवैध हथियार निर्माण इकाई का खुलासा किया। मौके से इदरीश (60) और शादाब (40) को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में पिछले एक वर्ष से अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मुख्य सरगना सोनू परिसर उपलब्ध कराता था, कच्चा माल मंगवाता था और हथियारों की सप्लाई कराता था। वहीं इदरीश हथियार बनाने में विशेषज्ञ है और पिछले 20-25 वर्षों से इस काम में लगा हुआ था। जबकि शादाब उसका सहयोगी था। दोनों को प्रति हथियार क्रमशः 2,000 और 1,000 रुपये दिए जाते थे। पुलिस ने फैक्ट्री से 14 लंबे तैयार बैरल, छह अधबने देशी कट्टों के ढांचे, बेंच वाइस, भट्टी, ब्लोअर, आयरन मोल्ड, टूल बॉक्स, स्प्रिंग्स सहित बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री बरामद की है। पुलिस के मुताबिक यह सामान करीब 50 से 60 देशी कट्टे तैयार करने के लिए पर्याप्त है, जिससे स्पष्ट है कि यह पूरी तरह सक्रिय अवैध हथियार फैक्ट्री थी। आरोपितों के आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आए हैं। मोहम्मद अयूब पहले हत्या के मामले में शामिल रहा है, जबकि इदरीश पर पूर्व में भी आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अब फरार मास्टरमाइंड सोनू की तलाश कर रही है और हथियार सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार


### दो लोगों के जीवन में रोशनी भरेंगी सुषमा अग्रवाल की आंखें

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा, हसनपुर:** कहते हैं जीते जी रक्तदान और मरने के बाद नेत्रदान सबसे बड़ा दान कहलाता है, इसी कहावत को चित्रार्थ करते हुए नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी पराग अग्रवाल की माता श्रीमती सुषमा अग्रवाल धर्म पत्नी स्वर्गीय सुभाष चंद्र अग्रवाल की अंतिम इच्छा अनुसार उनके परिजनों ने शुक्रवार को देर श्याम उनके निधन के उपरांत उनके नेत्रों को मुरादाबाद की सीएल गुप्ता आई बैंक के माध्यम से दान कर दिया, अब सुषमा अग्रवाल की आंखें दो लोगों की जीवन में रोशनी भरेंगी, बताते चलें कि नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी पुनीत अग्रवाल की चाची एवं पराग अग्रवाल की माता जी सुषमा अग्रवाल का उनके पैतृक निवास स्थान मोहल्ला होली वाला हसनपुर में शुक्रवार देर रात निधन हो गया था उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके परिजनों ने उनके नेत्रों को दान करने का निर्णय लिया तथा सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापारी राजन अग्रवाल से संपर्क साधा और उनके माध्यम से मुरादाबाद की नेत्र अस्पताल सीएल गुप्ता आई बैंक के माध्यम से रात्रि में ही देर रात 11 बजे के बाद उनके नेत्रों के रेटिना को सीएल गुप्ता आई बैंक के द्वारा सुरक्षित कर ले जाया गया, वहीं उनके परिजनों ने शनिवार को उनके शव को ब्रजघाट ले जाकर पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया, वहीं विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी तथा पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी व्यापारी पराग अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की, इस मौके पर उनके पुत्र पराग अग्रवाल, पुत्रवधू नीतिका अग्रवाल, पोत्र कार्तिक व कुशाग्र अग्रवाल तथा परिवार के अन्य सदस्यों में पुनीत अग्रवाल, अनुभा अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे,



### सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज इंटरमीडिएट में महिमा रावत ने किया शानदार प्रदर्शन, परिवार में खुशी का माहौल

**लोकतंत्र की शान ,मंडल प्रभारीअवनीत कुमार शर्मा, रामपुर।** सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज रामपुर की छात्रा हेमा राठौर ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में 394 अंक प्राप्त किए हैं। हेमा की इस सफलता से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही परीक्षा परिणाम आया, माता-पिता ने बेटी को लड्डू खिलाकर मिठाई बांटी और उसकी मेहनत की सराहना करते हुए खुशियां मनाई। महिमा रावत चादर वाला बाग की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे उनकी नियमित पढ़ाई और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। महिमा रावत ने कहा कि आगे वह बीकॉम (B.Com) करना चाहती हैं और इसके साथ-साथ एस.वी.आई. कोचिंग भी करेंगी ताकि भविष्य में बेहतर करियर बना सकें। हेमा की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों एवं परिचितों ने भी उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र में भी हेमा की उपलब्धि की चर्चा हो रही है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।



### जिम जाने की जिद पड़ी भारी: मुरादाबाद में सनकी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, 7 घंटे शव के पास बैठा रहा

**लोकतंत्र की शान , मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, मुरादाबाद।** कटघर क्षेत्र डबल फाटक निवासी स्क्रैप दुकानदार ने पत्नी पूनम गुप्ता के सिर पर लोहे के हैंडल से वार करके हत्या कर दी। शव को बेड पर रखकर करीब सात घंटे तक वहीं बैठा रहा। शाम को पहले एंबुलेंस को फोन करके पत्नी घायल होने की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंच गए। पत्नी जिम जाती थी जिसका पति विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद रहता था। मोहल्ला डबल फाटक के टावर वाली गली निवासी शोभित गुप्ता की डबल फाटक पर स्क्रैप की दुकान है। शोभित की दस साल पहले रामपुर के बेलदारान निवासी प्रसादीलाल की बेटी पूनम से शादी हुई थी। महिला ने वैवाहिक जीवन में एक बेटी आराध्या को जन्म दिया। बताया जाता है कि पूनम गुप्ता सुबह के समय रोजाना जिम जाती थी। जिसका पति विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों में आए दिन विवाद होता था। बुधवार को पूनम गुप्ता जिम गई थी। जैसे ही वह सुबह करीब दस बजे जिम से आई तो पति पत्नी में विवाद हो गया



### संभल यूथ फोरम की सराहनीय पहल, उर्स ताजुश्शरिया पर राहगीरों को पिलाया गया ठंडा जूस

**लोकतंत्र की शान ,सैय्यद कुमैल जैदी , संभल।** उर्स ताजुश्शरिया के मुबारक मौके पर संभल यूथ फोरम द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे जूस का वितरण किया गया, जिससे लोगों को काफी सुकून मिला। इस अवसर पर नबील इलाही के भतीजे मोहम्मद उजैर के हाथों से जूस वितरित कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और यूथ फोरम के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने इस नेक कार्य की जमकर तारीफ की और इसे इंसानियत व खिदमत-ए-खल्क का बेहतरीन उदाहरण बताया। संभल यूथ फोरम के सदस्यों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य आगे भी जारी रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों की मदद की जा सके और समाज में भाईचारा व मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सके।



# फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाएं लापरवाही पर होगी कार्यवाही

**लोकतंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा**



**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक सभागार में तहसील सदर के ग्राम प्रधानों, लेखपाल, सचिव एवं पंचायत सहायकों के साथ फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्देशित किया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अब तक नहीं बन पाई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। फार्मर रजिस्ट्री न होने की स्थिति में किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक सब्सिडी सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल एवं पंचायत सहायकों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भविष्य में किसानों की पहचान फार्मर आईडी के माध्यम से ही की जाएगी, इसलिए इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए। यह केंद्र एवं प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों के कृषकों के साथ-साथ अन्य जनपदों में निवास कर रहे किसानों का भी चिन्हांकन कर संबंधित लेखपाल एवं पंचायत सचिव को सूचित करें, ताकि उनकी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ग्राम प्रधानों का भी पूर्ण सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। सख्त निर्देश - आगामी 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराई जाए। लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जनपद में कुल 307015 कृषकों के सापेक्ष अब तक 263524 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष 43491 किसानों की फार्मर आईडी बननी शेष है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री हेतु आधार कार्ड, खतौनी एवं मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं।

## संभल: हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में दो केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई होमगार्ड परीक्षा

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**




**संभल:** के थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सिरसी में होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह परीक्षा दो प्रमुख केंद्रों राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं जवाहरलाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज—पर सम्पन्न हुई, जहां प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई, जो पूरे समय व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। इसके साथ ही हर केंद्र पर पुलिस प्रभारी भी नियुक्त किए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसपी के निर्देश पर परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। अभ्यर्थियों की एंट्री से पहले सघन फिजिकल चेकिंग की गई, जिससे नकल या किसी भी प्रकार की अनियमितता पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ रही। उनके कुशल निर्देशन में दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों—बालक एवं बालिकाओं—ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी। कुल मिलाकर, कड़े सुरक्षा इंतजाम और प्रशासन की सतर्कता के चलते परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुई। अब नजर इस बात पर रहेगी कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस परीक्षा के परिणाम किस प्रकार सामने आते हैं।

## पश्चिम बंगाल में नबद्वीप, कटवा तथा बागदा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ

**लोकतंत्र की शान**



**नदिया/पूर्व बर्धमान/ उत्तर 24 परगना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की जमीन से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी? टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। पहले चरण के मतदान में सबने इसकी गुंडागर्दी देखी। लेकिन, 4 मई को जब परिणाम आएगा तो टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। बंगाल में डबल इंजन सरकार बनने की आहट से ये गुंडे काम-धंधे की तलाश में जुट गए हैं। कोई सोच रहा कि कहां पंचर की दुकान खोलूं तो कोई सड़कों पर झाड़ू लगाने वाला बनकर जान बचाने की चिंता कर रहा है। लेकिन, हमलावर जहां जाएंगे, हम उन्हें वहां से खोज निकालेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी, कटवा से बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण घोष तथा बागदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सोमा ठाकुर के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी में भी सीएम योगी के प्रति बंगालवासियों के लगाव में कोई कमी नहीं दिखाई दी। जनसभाओं में मौजूद हजारों की भीड़ लगातार 'योगी-योगी' का नारा लगाती रही। सीएम ने इस स्नेह के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि बंगाल अब अराजकता स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस, कम्युनिस्टों व टीएमसी ने बंगाल के माथे पर लूटपाट का जो कलंक लगाया है, अब उससे मुक्त होने का समय है। बंगाल के लोगों ने डबल इंजन सरकार लाने का फैसला किया है, जो डबल स्पीड से काम करेगी। टीएमसी के गुंडों से हिसाब-किताब बराबर करने के लिए बंगाल में डबल इंजन सरकार आवश्यक है।

## "ऐतिहासिक बजट से बदलेगा शहर का भविष्य – चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान की दूरदर्शिता और ईओ मणि भूषण तिवारी की कुशल कार्यशैली''

**» 1.85 अरब से अधिक का बजट पास, विकास कार्यों को मिली रफ्तार**

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**




संभल नगर पालिका परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 अरब 85 करोड़ 92 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट पारित किया गया, जिसमें जनकल्याण और शहर के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। इस बजट को सफलतापूर्वक पास कराने में चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान की दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता की अहम भूमिका रही, वहीं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी की कुशल कार्यशैली ने योजनाओं को धरातल पर उतारने की मजबूत नींव तैयार की है। पालिका बोर्ड ने लगभग 1 अरब 67 करोड़ रुपये के प्रस्तावित व्यय को मंजूरी दी है, जिसमें शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सैकड़ों विकास कार्य शामिल हैं। प्रमुख योजनाओं में संपत्तियों का भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सर्वेक्षण, सड़कों व नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, फुटपाथ, इंटरलॉकिंग, जल आपूर्ति व्यवस्था और मार्ग प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य शामिल हैं। पहली बार भवन अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिए शुल्क निर्धारण और नामांतरण से संबंधित विलंब शुल्क तय कर राजस्व बढ़ाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु लगभग 13 करोड़ 39 लाख रुपये के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई है। चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान ने कहा कि यह बजट शहर के हर वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इससे विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी ने भरोसा दिलाया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा। यह बजट न केवल शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा, जिससे आने वाले समय में शहर एक नई पहचान के साथ उभरेगा।

## प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर:** शनिवार को उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक के हसनपुर आगमन पर सर्वप्रथम विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने अपने कैंप कार्यालय आवास पर उनका जोरदार स्वागत किया, वहीं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने भी अपने आवास पर प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत किया, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे, बताते चले कि प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के साथ हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और अस्पताल की चाक चौबंद व्यवस्था, स्वच्छता और मरीजों को मिल रही निशुल्क सुविधाओं को देखकर सीएससी प्रभारी और स्टाफ की सराहना की, बता ते चले कि मंत्री ने निरीक्षण की शुरुआत हसनपुर नगर की मलिन बस्तियों से की वहां उन्होंने स्थानीय महिलाओं से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं के लाभ तथा जनसमस्याओं के बारे में जानकारी ली, इसके उपरांत प्रभारी मंत्री नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधों की उचित देखभाल के निर्देश दिए, स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में मंत्री ने टीवी विभाग की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का फीता काटकर उद्घाटन भी किया इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह मशीन कहीं भी ले जाई जा सकती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर टीवी की तत्काल जांच संभव होगी वहीं इससे क्षेत्र के मरीजों को जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा साथ ही टीवी उन्मूलन अभियान को गति मिलेगी, मंत्री के पी मलिक ने अस्पताल के प्रत्येक अनुभाग का बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने मरीजों से पर्ची के शुल्क के बारे में जानकारी ली साथ ही संतोषजनक उत्तर प्राप्त होने पर स्टाफ की सराहना की, वही दवाई वितरण कक्ष की जाली पर खड़े होकर उन्होंने मरीजों से संवाद किया और मालूम किया कि कहीं कोई दवाई के पैसे तो नहीं मांग रहा साथ ही मरीज ने भी निशुल्क दवा मिलने की पुष्टि की, महिला वार्ड में भर्ती महिलाओं और शिशुओ के परिजनों से बातचीत कर उन्होंने स्टाफ के व्यवहार और रिश्वतखोरी के संबंध में जानकारी ली,अस्पताल में भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण और उच्च स्तरीय सफाई देखकर प्रभारी मंत्री ने सीएससी प्रभारी डॉक्टर धुरविंदर सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ योगेंद्र सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा की, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मंडल अध्यक्ष राजू राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़कवंशी, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, विजय शर्मा, नामित सभासद अजय पाल, हेमराज सैनी सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे 1

## राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे हेमवती नंदन बहुगुणा: मुख्यमंत्री

**लोक तंत्र की शान**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की पावन जयंती पर उन्हें नमन किया और योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौढ़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर 'भारत छोड़ो आंदोलन' में बहुगुणा जी की सक्रिय सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी डाला था।

**1952 में पहली बार बने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य**-मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं।

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल, अयोध्या रोड का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के नेतृत्व में एसीपी विभूति खंड से मुलाकात करने पहुँचा

**लोक तंत्र की शान, ब्यूरो अवनीत कुमार शर्मा**



**लखनऊ/ राजधानी/** प्रतिनिधिमंडल ने चिनहट-अयोध्या रोड क्षेत्र में रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। व्यापारियों ने एसीपी महोदय को अवगत कराया कि पूर्व की भांति हर माह पुलिस-व्यापारी बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए, जिससे आपसी समन्वय बना रहे। साथ ही होटल एवं ढाबा संचालकों को अपनी जीविका सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्य करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि यदि किसी व्यापारी के साथ कोई अराजक तत्व दुर्व्यवहार करता है तो पुलिस प्रशासन तत्काल सहयोग करे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा पुलिस प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करता रहा है, अतः पुलिस भी व्यापारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए। एसीपी विभूति खंड ने व्यापारियों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और थाना प्रभारी चिनहट को फोन कर निर्देशित किया कि रात्रि में दुकानों को रात 2 बजे तक खोलने की अनुमति दी जाए तथा किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस-व्यापारी बैठक नियमित होगी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष रतन दास, संरक्षक संजय दीक्षित, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, शिवाकांत यादव, महासचिव राजेंद्र सिंह, सचिव निर्भय सिंह, योगेश शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने अयोध्या रोड के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि पूर्व में लागू व्यवस्था को यथावत रखा जाए और पुलिस प्रशासन निष्पक्ष रूप से अपना कार्य करे, जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी कहा कि फैजाबाद रोड एक 24 घंटे संचालित रहने वाला प्रमुख मार्ग है, जो अयोध्या होते हुए बिहार तक जाता है। बड़ी संख्या में यात्री इस मार्ग से गुजरते हैं और लखनऊ में भोजन करने की अपेक्षा रखते हैं, ऐसे में व्यापारियों को कार्य करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है।

## बरेली में गरजे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, बोले- भाजपा की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर फेल; उर्से ताजुश्शरिया में की चादरपोशी

**लोक तंत्र की शान**




**बरेली संदीप चंद्र उत्तर प्रदेश -:बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शनिवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से उर्से ताजुश्शरिया में शामिल होने के लिए बरेली पहुंचे। शहर आगमन के बाद सबसे पहले वह नवोदय अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने सपा विधायक अताउर्रहमान का हालचाल जाना। बताया गया कि अताउर्रहमान घर में सीढ़ियां चढ़ते समय फिसलकर चोटिल हो गए थे, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इसके बाद श्यामलाल पाल उर्से ताजुश्शरिया में शामिल हुए और दरगाह पर चादरपोशी कर देश में अमन, भाईचारे और अखिलेश यादव के लिए दुआएं मांगीं। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव का संदेश हजरत सलमान मियां साहब को सौंपा और हजरत असजद रजा खां साहब के नाम बधाई संदेश भी प्रेषित किया। चादरपोशी के मौके पर जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। महंगाई चरम पर है, पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस और दैनिक जरूरत की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग पर भारी बोझ पड़ रहा है।उन्होंने आगे कहा कि बेरोजगारी अपने उच्च स्तर पर है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और सरकार सिर्फ आंकड़ों के सहारे अपनी उपलब्धियां गिनाने में लगी है। किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार गंभीर नहीं है, उन्हें फसलों का सही दाम नहीं मिल पा रहा। श्यामलाल पाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के मुद्दों पर विफल रही है और जनता को केवल वादों में उलझाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी।इस अवसर पर विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, इंजीनियर अनीस अहमद, कदीर अहमद, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद साजिद, महासचिव पंडित दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, सिंपल कन्नौजिया, शहर विधानसभा अध्यक्ष हसीब खान, कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 'अगले महीने शादी थी, बॉयफ्रेंड ने गोली मार दी':गर्लफ्रेंड बोली- मेरे सामने खुद को किया शूट

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** 'पंकज शाम 7 बजे मेरे घर आया। मेरी शादी के लिए रखे 4 लाख रुपए मुझसे मांगने लगा। जब मैंने पैसे देने से इनकार किया, तो पंकज ने मुझपर गोली चला दी। पहली गोली मेरी बांह के पास से निकल गई, जिससे मैं बच गई। इसके बाद पंकज ने दूसरी गोली चलाई, जो मेरी पीठ में लग गई। गोली लगते ही मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद क्या हुआ, मुझे पता नहीं है।' ये कहना है वैशाली में प्रेमी की फायरिंग से घायल हुई गंगा कुमारी का, जिसका जिले के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल, पुलिस ने युवती के बयान पर FIR दर्ज कर ली है। दरअसल, वैशाली में एक युवक ने घर में घुसकर पहले युवती को गोली मारी, फिर खुद को शूट कर लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती घायल है। मृतक की पहचान पंकज सहनी (24) के रूप में हुई है। दोनों के बीच कब से चल रहा था अफेयर? लड़के ने वारदात को क्यों और कैसे अंजाम दिया? गांववालों का क्या कहना है? पुलिस इसे हत्या या आत्महत्या क्या मान रही? पुलिस के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी पंकज सहनी और गंगा कुमारी के बीच पिछले करीब 5 सालों से लव अफेयर चल रहा था। दोनों का घर एक-दूसरे से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। पंकज और गंगा की पहली मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। वहीं दोनों के बीच मैसेज के जरिए बातचीत शुरू हुई। शुरुआत सामान्य बातचीत से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों एक-दूसरे के करीब आते गए। कुछ समय बाद दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर एक्सचेंज किया, जिसके बाद फोन पर घंटों बातचीत होने लगी। रात में देर तक बातें करना और दिनभर मैसेज के जरिए संपर्क में रहना उनकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया था। पुलिस की जांच में सामने आया, शुरुआती 2 सालों तक दोनों का रिश्ता बिना किसी विवाद के चलता रहा। दोनों परिवारों को इसकी भनक नहीं थी, इसलिए वे आसानी से संपर्क में रहते थे। जब परिवार वालों को इस रिश्ते की जानकारी मिली तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। दोनों को एक-दूसरे से मिलने से मना किया। इसके बाद भी पंकज उससे बात करता था। कई बार जबरन वो लड़की के घर में घुसने की कोशिश करता था। इस बात को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। लड़की के पिता ने पंकज को पकड़कर फटकार भी लगाई थी। हालांकि, गांववालों का तो ये भी कहना है कि उस दिन लड़के की पिटाई भी की गई थी। इस बात से वो काफी खुन्नस रखता था। लड़की के पिता को धमकी भी दी थी।



### उधना से दानापुर, जयनगर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें, उधना-जयनगर का 26 अप्रैल से परिचालन शुरू

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उधना से दानापुर और जयनगर के लिए विशेष अनारक्षित ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 26 और 27 अप्रैल, 2026 को चलाई जाएंगी। गाड़ी संख्या 09007 उधना-दानापुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से देर रात 01:30 बजे रवाना होगी। यह सोमवार को सुबह 07:54 बजे डीडीयू, 09:24 बजे बक्सर और 10:31 बजे आरा होते हुए दोपहर 12:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09008 दानापुर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को दानापुर से दोपहर 03:00 बजे चलेगी। यह आरा में 03:50 बजे और डीडीयू में 06:39 बजे रुकते हुए बुधवार को देर रात 01:15 बजे उधना पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 09021 उधना-दानापुर अनारक्षित स्पेशल 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से दोपहर 02:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह सोमवार को रात 08:54 बजे डीडीयू, 10:24 बजे बक्सर और 11:31 बजे आरा पहुंचेगी, और मंगलवार को देर रात 01:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसकी वापसी यात्रा में, गाड़ी संख्या 09022 दानापुर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को दानापुर से सुबह 04:00 बजे रवाना होगी। यह आरा में 04:50 बजे और डीडीयू में 07:39 बजे रुकते हुए बुधवार को दोपहर 02:15 बजे उधना पहुंचेगी। तीसरी विशेष ट्रेन, गाड़ी संख्या 09003 उधना-जयनगर अनारक्षित स्पेशल, 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से देर रात 12:30 बजे चलेगी। यह सोमवार को सुबह 06:54 बजे डीडीयू, 11:03 बजे पाटलिपुत्र, 12:40 बजे हाजीपुर, दोपहर 03:47 बजे समस्तीपुर, शाम 05:17 बजे दरभंगा और 06:54 बजे मधुबनी होते हुए रात 08:00 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09004 जयनगर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को जयनगर से रात 11:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह मंगलवार को देर रात 01:02 बजे दरभंगा, 02:02 बजे समस्तीपुर, 04:32 बजे हाजीपुर, 06:02 बजे पाटलिपुत्र और 09:51 बजे डीडीयू रुकते हुए बुधवार को शाम 04:30 बजे उधना पहुंचेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने यह जानकारी दी।



### मुजफ्फरपुर में 75 साल के बुजुर्ग की मौत, पत्नी को डायन बताकर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के फकुली थाना क्षेत्र के फतेहपुर में आज 75 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. हबीब के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनकी पत्नी पर डायन होने का आरोप लगाकर घर पर पहुंचे थे और इसी दौरान मारपीट व धक्का-मुक्की में बुजुर्ग की मौत हो गई। स्थानीय मो आलम ने बताया कि फ़ाकुली थाना के फतेहपुर गांव निवासी मो हबीब के घर में 4-5 लोग लाठी डंडे लेकर घुसे थे। उनकी पत्नी डायन है, इसी विवाद के दौरान धक्का मुक्की में हबीब की गिरने से मौत हो गई। हबीब के बच्चे हैं। तीनों गांव में मजदूरी करते है। घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसडीपीओ पश्चिमी-2 अनिमेश चंद्र ज्ञानी ने बताया कि फकुली थाना अंतर्गत फतेहपुर कस्तूरी गांव में मो. हबीब की मृत्यु हो गई। आज सुबह उसी गांव के तीन-चार लोगों द्वारा उनकी पत्नी पर डायन का आरोप लगाकर गाली गलौज की गई। इससे मना करने पर आरोपियों ने मो. हबीब को धक्का दे दिया जिससे वह गिर गए। मृतक दिल के मरीज थे, अभी कुछ दिन पहले उनके पोते की मृत्यु हो गई थी, जिससे वे सदमे में थे। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। इसमें जो भी आरोपित है उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए SKMCH भेज दिया गया।

### चलती ट्रेन में छिनतई करने वाला बदमाश अरेस्ट, मुजफ्फरपुर में ट्रेन से कूदकर भाग रहा शातिर पकड़ाया

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन में यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल छिनतई करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल 2026 को हुई मोबाइल छिनतई की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज कुमार (पिता संतोष शाह) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मोतिहारी के कल्याणपुर का रहने वाला है और हाल के दिनों में ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के झिटकिहिया में किराए के मकान में रह रहा था। उसे संजय सिनेमा रोड के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी और उसके साथी बेहद सुनियोजित तरीके से अपराध को अंजाम देते थे। यह गिरोह ट्रेन में सवार होकर यात्रियों को निशाना बनाता था। जैसे ही ट्रेन धीमी होती, वे यात्रियों का ध्यान भटकाकर उनका मोबाइल छीन लेते और तुरंत चलती ट्रेन से कूद जाते थे। ट्रेन से कूदने के बाद उनके साथी पहले से ही बाइक लेकर आसपास मौजूद रहते थे, जिससे आरोपी तेजी से फरार हो जाते थे। इसी तरीके से 24 अप्रैल को भी एक यात्री से मोबाइल छीनकर आरोपी फरार हुए थे। घटना के बाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी को रोका गया। पूछताछ में उसने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

# पटना में स्टूडेंट लॉज के पास युवक की हत्या, शव बरामद

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित महावीर कॉलोनी के स्टूडेंट हब लॉज के पास शनिवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**कमरे से लेकर सड़क तक खून के निशान:** सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम ने भी जांच की। पुलिस को लॉज के कमरे से लेकर शव मिलने वाली जगह तक खून के कई निशान मिले हैं, जिससे यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है।




**दो युवक लॉज में आए, एक की मिली लाश:** पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 1 राज किशोर सिंह ने बताया कि, आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि मृतक युवक एक अन्य युवक के साथ लॉज में आया था। पुलिस को आशंका है कि उसी दूसरे युवक ने हत्या की है। दूसरा युवक फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

**धारदार हथियार से पीटकर हत्या की आशंका:** बहादुरपुर थाना प्रभारी शुभम कुमार के अनुसार, शव खून से लथपथ था और ऐसा प्रतीत होता है कि धारदार हथियार से पीटकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतक युवक लॉज में कितने समय से रह रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। संदिग्ध युवक की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के पीछे का मकसद स्पष्ट हो सकेगा।

**कमरे से लेकर सड़क तक खून के निशान, फरार दोस्त पर हत्या का शक**

## सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई बुलाया, विधायक बोले-आवेंगे

लोकतंत्र की शान , पटना



**वीडियो कॉल पर बाहुबली से बात, एक्टर ने कहा- मैं भी आऊंगा आपके घर लिट्टी-चोखा खाने**

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बात की। सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई आने का न्योता दिया। जिस पर बाहुबली ने अपने अंदाज में कहा- आवेंगे। दोनों की बातचीत का एक क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। बता दें कि एक्टर सोनू सूद अनंत सिंह के फैन हैं, उनके बोलने के अंदाज के वो कायल हैं और पहले भी बाहुबली की तारीफ कर चुके हैं। सोनू सूद ने पहले ही कहा था, अनंत सिंह का व्यक्तित्व उन्हें बेहद इंट्रेस्टिंग लगता है और उनके कैरेक्टर से वह अपनी फिल्म के लिए प्रेरित भी हुए हैं। वीडियो कॉल के क्लिप में सोनू सूद अनंत सिंह से कहते नजर आते हैं, "मुंबई आइए न हमारे पास।" इस पर अनंत सिंह जवाब देते हैं, " आवेंगे (आएंगे)।" बातचीत के दौरान सोनू सूद आगे कहते हैं, "मैं भी आऊंगा आपके पास, आपके घर आऊंगा। आपके घर पर लिट्टी-चोखा खाने आऊंगा।" इस पर अनंत सिंह भी मुस्कुराते हुए उन्हें आने का न्योता देते हैं। दोनों के बीच हुई यह बातचीत सोशल मीडिया पर काफी शेयर हो रही है।

यह पहली बार नहीं है, जब सोनू सूद ने अनंत सिंह को लेकर अपनी दिलचस्पी जाहिर की हो। अनंत को चाहने वालों की कतार में अब बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद का नाम पहले से जुड़ा हुआ है। दो महीने पहले एक पोडकास्ट में उन्होंने कहा था कि बिहार के मोकामा विधायक अनंत सिंह का व्यक्तित्व उन्हें बेहद दिलचस्प लगता है।

## बीपीएससी मेंस एग्जाम, दूसरी पाली की परीक्षा जारी

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा आयोजित एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। यह परीक्षा 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक पटना के 22 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 13,024 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा के बाद अभी 2 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा जारी है। इस परीक्षा के माध्यम से बिहार प्रशासनिक सेवा, बिहार पुलिस सेवा समेत कुल 1298 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

**22 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम:** आयोग ने परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त कराने के लिए आयोग और जिला प्रशासन द्वारा सख्त व्यवस्था की गई है। सभी 22 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। निगरानी के लिए विशेष टीम के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, जैमर और अन्य तकनीकी साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर नजर रखी जा सके। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कड़ाई से जांच की जा रही है। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। प्रशासन भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।



**♦ पटना में 22 केंद्रों पर 13 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, 1298 पदों पर होगी भर्ती**

# डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में "सुब्रोस लिमिटेड" का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सफल

लोकतंत्र की शान

डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, वैशाली में प्रतिष्ठित "सुब्रोस लिमिटेड" द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भर्ती प्रक्रिया में डिप्लोमा (कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं सिविल) के कुल 108 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 73 विद्यार्थियों का चयन औसतन 2.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर किया गया। चयनित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) समित तिवारी एवं सुब्रोस लिमिटेड के एचआर अजय प्रताप सिंह चौहान द्वारा औपचारिक रूप से ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर परिसर में उत्साह एवं गर्व का माहौल देखा गया। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. (डॉ.) समित तिवारी ने कहा कि, "विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।" वहीं, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) ब्रिजेश सिंह ने अपने संदेश में कहा कि, "यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय के सशक्त प्रशिक्षण तंत्र का परिणाम है। भविष्य में भी हम ऐसे अवसर विद्यार्थियों को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री संजीत कुमार ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि, "हमारा निरंतर प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण प्लेसमेंट अवसर प्रदान किए जाएं और भविष्य में भी हम ऐसी और संभावनाएं सुनिश्चित करेंगे।" पूरी चयन प्रक्रिया के सफल संचालन में टीपीओ सेल के सदस्य पंकज कुमार एवं सुरभि कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके समन्वय और प्रयासों से यह ड्राइव सुचारु रूप से संपन्न हो सकी। यह प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।





# पप्पू यादव के विवादित बयान पर महिला पहुंची थाने, कहा-वे मानसिक रोग से ग्रसित, माफी मांगे

लोकतंत्र की शान , पटना

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के विवादित बयान को लेकर बवाल थमता नहीं दिख रहा है। अब इस मामले में एक महिला ने उनके खिलाफ FIR दर्ज कराने की मांग की है। बेगूसराय के तेघड़ा निवासी रीना कुमारी चौधरी ने पटना के शास्त्रीनगर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है।

**महिलाओं से माफी मांगें पप्पू यादव- रीना कुमारी चौधरी:** बेगूसराय के तेघड़ा निवासी रीना कुमारी चौधरी ने कहा कि, 'शीशे के घर में रहने वाले दूसरे के मकान पर पत्थर नहीं फेंकते। पप्पू यादव मानसिक रोग से ग्रसित हैं और उनका इलाज होना चाहिए। भरे मंच से उन्हें पूरे देश से माफी मांगना होगा। अगर हम महिलाएं लक्ष्मी-सरस्वती हैं तो दुर्गा और चंडी भी हैं। पुलिस ने हमें तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**पप्पू यादव ने अपमानजनक, अश्लील टिप्पणियां की- रीना कुमारी:** रीना कुमारी ने आवेदन में लिखा कि, मैं वर्तमान सांसद पप्पू यादव के महिलाओं के विरुद्ध दिए गए बयान से आहत होते हुए उनके विरुद्ध FIR दर्ज कराना चाहती हूं। पप्पू यादव ने महिला राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाते हुए बेहद अपमानजनक, अश्लील और मानहानिकारक टिप्पणियां की। इन बयानों का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है।



पप्पू यादव ने अन्य बातों के अलावा सार्वजनिक रूप से कहा कि '90 प्रतिशत महिलाएं राजनेताओं के कमरे में गए बिना राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकती हैं'। आगे यह घृणित आरोप लगाया कि राजनीति में काम करने वाली महिलाएं स्थापित पुरुष नेताओं के साथ "बिस्तर साझा करने" के बाद ही राजनीतिक प्रवेश और सफलता प्राप्त करती हैं। इसके अलावा, जब उनके इन बयानों के बारे में उनसे प्रश्न किया गया, तो उन्होंने इन महिला-विरोधी दावों को सही ठहराने का प्रयास किया।

**महिलाओं के चरित्र, आत्मसम्मान और गरिमा पर सीधा हमला - शिकायतकर्ता:** रीना कुमारी ने आगे कहा कि, 'यह निराधार और घृणित बयान राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र में भाग लेने वाली सभी महिलाओं के चरित्र, आत्मसम्मान और सामाजिक गरिमा पर सीधा हमला हैं।' उन्होंने आगे कहा कि, 'स्वयं के बल पर सफल होने वाली महिलाओं की सफलता को यौन शोषण और चरित्र से जोड़कर उन्होंने न केवल महिलाओं की गरिमा का अपमान किया है, बल्कि देश सेवा करने की आकांक्षा रखने वाली महिलाओं के लिए एक शत्रुतापूर्ण और निराशाजनक माहौल बनाने का भी प्रयास किया है।'

रीना कुमारी ने कहा कि, 'उनका यह बयान न केवल आम महिलाओं के लिए और असम्मानजनक और अमर्यादित है बल्कि यह महामहिम राष्ट्रपति के लिए भी घोर अमर्यादित और आपत्तिजनक है।' इस घटना से उत्पन्न भारी आक्रोश के मद्देनजर, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि भारतीय न्याय संहिता के धारा 79, 352, 353(1), 353(2), 356 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के धारा 67 के तहत राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए इस मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच शुरू करें।

## भोज खाने गया बच्चा का गला रेतकर हत्या, सुबह गमालबीघा गांव में मिली बॉडी

लोकतंत्र की शान , पटना

राजधानी पटना से करीब 35 किलोमीटर दूर खुसरूपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 15 वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जगमालबीघा गांव में बच्चे का शव क्षत-विक्षत हालात में मिला। यह पूरी घटना कटौना गांव की है। शव मिलने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई।

मृतक नाबालिग की पहचान कटौना गांव के रहने वाले नीतीश पासवान के बेटे अंकित कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कुछ अज्ञात अपराधियों ने अंकित का गला इतनी बेरहमी से रेता कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब गांव के लोग जगमालबीघा गांव के पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने अंकित का शव देखा। शव देखते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। हर कोई इस घटना से स्तब्ध था और यह सोचने पर मजबूर था कि आखिर एक छोटे से बच्चे के साथ इतनी क्रूरता क्यों की गई। अंकित के परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार की शाम अंकित गांव में ही आयोजित एक भोज में शामिल होने के लिए घर से निकला था। उस समय बिल्कुल खुश और सामान्य दिख रहा था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी आखिरी शाम होगी। जब देर रात तक अंकित घर नहीं लौटा, तो परिवार को चिंता होने लगी।



**फूफा बोले- मोबाइल चार्जर में लगाकर घर से निकला था**


## त्रिवेणी संयोग में मनाई जा रही जानकी नवमी, पटना के महावीर मंदिर में विशेष पूजा

लोकतंत्र की शान , पटना

माता सीता के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाई जाने वाली जानकी नवमी पर राजधानी पटना के महावीर मंदिर में भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार जानकी नवमी पर अश्लेषा नक्षत्र, रवियोग और सिद्धयोग का दुर्लभ संयोग बनने से दिन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। मंदिर को खास तरीके से सजाया गया है और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ रही है।

**सुबह 8 बजे से शुरू हुई पूजा, अष्टयाम कीर्तन जारी:** मंदिर में सुबह 8 बजे से माता जानकी की विशेष पूजा शुरू हुई। पूजन सम्पन्न होने के बाद 24 घंटे का 'अष्टयाम कीर्तन' प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान माता जानकी का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

महावीर मंदिर में प्राचीन परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजा पद्धति से माता जानकी का पूजन किया गया। यह पूजा का कार्यक्रम मंदिर के दक्षिण-पूर्व कोण पर स्थित राम-जानकी की प्रतिमा के समक्ष हुआ। पूजा के बाद हवन और आरती भी की गई। आज भक्त लाइन में लग कर माता जानकी के दर्शन कर सकते हैं। पंडित भवनाथ झा ने कहा कि, माता सीता के प्रकट होने के उपलक्ष्य में धर्मशास्त्रियों ने जानकी-नवमी मनाने का विधान किया है। इस दिन व्रत और जानकी की विशेष पूजा करना का विधान है।



# बिहार के 5 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट, 23 जिलों में लू जैसे हालात

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार के करीब 23 जिलों में लू जैसे हालात हैं। रोहतास की डेहरी में सबसे अधिक 44 डिग्री तापमान रहा। पटना में चौथे दिन भी अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 5 जिलों में आज हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री से ऊपर जा सकता है। खगड़िया में गर्मी को देखते हुए स्कूल के हेडमास्टर ने छात्रों को छतरी बांटी। इधर, भीषण गर्मी के बीच किशनगंज में शनिवार सुबह तेज बारिश हुई। अररिया में ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में हल्की बारिश की संभावना जताई है।




**पिछले 5 सालों में अप्रैल महीने का तापमान:** अप्रैल महीने में रोहतास के डेहरी का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे बीते 5 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले 2024 में अप्रैल महीने में सबसे अधिक तापमान बक्सर में 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, 2025 में रोहतास के डेहरी में 42.4 डिग्री, 2023 में औरंगाबाद में 42.6 डिग्री और 2022 में बक्सर में 43.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

# तेंदुए ने घर में घुसकर बुजुर्ग पर किया हमला, हालत बनी गंभीर

**केशलार गांव में छाया तेंदुए का आतंक**



**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान सीधी।** जिले के भुईमाड़ थानांतर्गत ग्राम केशलार में शनिवार तडक़े तेंदुए ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग के सिर पर हमला कर दिया। बुजुर्ग को गंभीर जख्म के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार रात करीब 2 बजे तेंदुआ अचानक गांव के एक रिहायशी मकान में घुस गया। घर के भीतर मौजूद परिवार के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले तेंदुए ने 62 वर्षीय बुजुर्ग चैनपति बैस पिता शिवप्रसाद बैस पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि तेंदुए के घर में घुसते ही चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से बाहर निकले। घायल बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुईमाड़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशमी रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के वनरक्षक, स्थानीय पुलिस बल तथा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव मौके पर पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कई घंटों तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे और घायल परिवार को तत्काल कोई सहायता भी उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ करीब 6 घंटे तक घर के अंदर ही बैठा हुआ है, जिससे गांव में भय का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को सुरक्षित पकडऩे और प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## हिसार : कर्मचारी बिना स्वीकृति अवकाश पर गए तो होगी कार्रवाई : विक्रम सिंह

**लोकतंत्र की शान : हिसार।** दक्षिण एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंहके निर्देशानुसार डीएचबीवीएन प्रबंधन ने निगम कर्मचारियों द्वारा बिना स्वीकृति अवकाश पर जाने की प्रवृत्ति पर सख्ती करते हुए नए निर्देश जारी किए हैं। अब सभी कर्मचारियों को अवकाश पर जाने से कम से कम 15 दिन पहले संबंधित कैडर कंट्रोलिंग अर्थॉरिटी को पूर्ण विवरण सहित आवेदन देना अनिवार्य होगा। जारी आदेशों के अनुसार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रबंधन के संज्ञान में आया है कि कई कर्मचारी अवकाश स्वीकृत होने से पहले ही छुट्टी पर चले जाते हैं तथा समय पर आवेदन भी प्रस्तुत नहीं करते, जिससे अन्य कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ता है और दैनिक कार्य प्रभावित होता है। निगम प्रवक्ता संजय चुघ ने शनिवार को बताया कि जारी निर्देशों के अनुसार, भविष्य में यदि कोई कर्मचारी निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करता है तो उसके विरुद्ध निगम के प्रचलित नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रबंध निदेशक, विक्रम सिंह की स्वीकृति से सभी विभागाध्यक्षों एवं मुख्यालय के सभी संबंधित अधिकारियों, मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं तथा कार्यकारी अभियंताओं को इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## नारनौल में पुलिस का सघन सर्च अभियान

**लोकतंत्र की शान : नारनौल।** नारनौल शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार को व्यापक सर्च अभियान चलाया। इस विशेष अभियान में डॉग स्क्वायड की टीम को भी शामिल किया गया, जिससे तलाशी प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के संवेदनशील इलाकों में सतर्कता का माहौल देखने को मिला। अभियान के दौरान प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की मदद से पुलिस टीमों ने झुग्गी-झोपड़ियों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध वस्तुओं, विस्फोटक सामग्री और नशीले पदार्थों की तलाश की गई। पुलिस ने शहर के विभिन्न संदिग्ध क्षेत्रों में पहुंचकर वहां रह रहे बाहरी श्रमिकों और अन्य लोगों से विस्तृत जानकारी जुटाई। तलाशी के दौरान लोगों के पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की गई। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, उनसे पूछताछ भी की गई, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक या अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध रूप से रह रहे लोगों और बाहर से आए श्रमिकों का रिकॉर्ड नियमित रूप से जांचा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि यह अभियान डॉग स्क्वायड के सहयोग से सफलतापूर्वक चलाया गया। उन्होंने कहा कि जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे सर्च अभियान भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे।

## यमुनानगर:दुकान में सेंध लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की अपराध शाखा-1 ने चोरी के एक मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी, सामान और वारदात में प्रयुक्त थ्री-व्हीलर बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इंचार्ज राजकुमार के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि पुराना हमीदा फाटक क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही कमलजीत के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने संदिग्ध को रोककर पूछताछ की, जिसमें उसकी पहचान यमुनानगर कैंप निवासी हिमांशु के रूप में हुई।

# श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा निःशुल्क बस यात्रा रवाना, गूंजे जयकारे

» श्रद्धालुओं को अग्रोहा धाम, सालासर बालाजी लक्ष्मी माता और खाटू श्याम धाम के करवाएंगे जाएंगे दर्शन

लोकतंत्र की शान




**करनाल :** श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से शनिवार को दो दिवसीय निःशुल्क धार्मिक बस यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा करनाल से रवाना हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालु अग्रोहा धाम, सालासर बालाजी मंदिर, लक्ष्मी माता मंदिर और खाटू श्याम धाम के दर्शन करेंगे।समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला ने विधिवत पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर बस यात्रा को रवाना किया। बस के रवाना होते ही जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।प्रमोद मंगला ने कहा कि धार्मिक यात्राएं व्यक्ति के मन और विचारों को शुद्ध करती हैं तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी और वृंदावन सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्राएं करवा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि समिति हर माह इस प्रकार की यात्राओं का आयोजन करती है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए रहने, खाने-पीने और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाती है।इस बार बस यात्रा निशुल्क जा रही है। इस अवसर पर मुख्य सेवक विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, अनिल मित्तल, जतिन, विपिन गुप्ता, टीना,राजेंद्र केम, सुनीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मांस मंडी में तब्दील सीधी शहर - उदय कमल

» मांस विक्रेताओं के आगे लाचार है जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन

» वर्षो पूर्व निर्मित स्लाटर हाउस पड़ा है विरान

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा वर्षों पूर्व निर्मित स्लाटर हाउस विरान हैं, क्योंकि मांस विक्रेताओं ने सीधी शहर को ही मांस मंडी में तब्दील कर दिया है। उक्त संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता समाज सेवी उदय कमल मिश्र ने सीधी शहर की बदहाल स्थिति खासकर मांस मंडी के रूप में तब्दील होने पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका सीधी के द्वारा वर्षों पूर्व बहुमूल्य भूमि पर करोड़ों रुपए खर्च कर स्लाटर हाउस इस उद्देश्य से बनाया गया कि सीधी शहर के हर गली चौराहे पर मांस विक्रेताओं के द्वारा जो खुल्लेआम मांस विक्रय किया जा रहा है उससे मुक्ति मिलेगी क्योंकि खुलेआम मांस विक्रय से एक तरफ जीव जन्तुओं से प्रेम करने वालों के लिए अत्यन्त पीड़ादायक दृश्य रहता है वहीं दूसरी तरफ शहर का हर गली चौराहा मांस विक्रय के कारण गन्दा रहता है। लेकिन दुर्भाग्यवश सीधी शहर के मांस विक्रेताओं के द्वारा वर्षो पूर्व निर्मित स्लाटर हाउस में मांस विक्रय के बजाय अभी भी शहर के हर गली चौराहे मे मांस विक्रय किया जा रहा है। मिश्र ने यह भी व्यक्त किया कहा कि मांस विक्रेताओं को स्लाटर हाउस में मांस विक्रय करने से छोटे से सीधी शहर को साफ एवं सुन्दर बनाया जा सकता है लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मांस विक्रेताओं के आगे जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी लाचार है क्योंकि विभिन्न अवसरों पर मांस विक्रेताओं को मांस विक्रय के लिए स्लाटर हाउस में भेजने की मंशा व्यक्त की गई लेकिन उसे कार्य रुप में परिणीत नहीं किया जा सका जिससे जीव जन्तुओं से प्रेम करने वाले आहत है।

## अनदेखाशहर का हृदय स्थल मिशन चौक बदबू और जानवरों के खून से सना, मीट मार्केट के रहवासियों ने की लिखित शिकायत

लोकतंत्र की शान जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी।** मिशन चौक कटनी का हृदय स्थल है। किसी भी शहर के हृदय स्थल में जो व्यवस्था और सुंदरता होनी चाहिए वह तो यहां है नहीं, उल्टा जानवरों के खून से सनी जमीन और सड़ांध मारती बदबू जरूर यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान करती होगी। सबसे बड़ी बात तो यह है की मिशन चौक का मीट मार्केट नगर निगम कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर है, लेकिन उसके बावजूद यहां पर मौजूद अव्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों को दिखती नहीं। प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि रिहायशी इलाकों एवं खुले में मांस का व्यापार न किया जाए। ऐसा करने वालों पर कार्यवाही हो, लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशों के कुछ दिनों बाद तक तो जिम्मेदार अधिकारी हरकत में दिखे, मगर उसके बाद सारे आदेश ऐसा लगता है रद्दी की टोकरी में चले गए। मिशन चौक मीट मार्केट में उत्पन्न अव्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों ने अब मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, कटनी कलेक्टर, मुड़वारा विधायक, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित स्थानीय पार्षद एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत करते हुए यहां पर मौजूद अव्यवस्था को दूर करने एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

# जेल में बंद कैदी की मौत पर परिजनों ने लगाए आरोप

» पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंपा शव

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान




**सीधी।** जिला जेल पडरा में बंद पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कैदी रजनीश दुबे पिता शशिप्रकाश दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 3 नगर परिषद चुरहट करीब तीन वर्षों से न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रजनीश दुबे की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते उसकी हालत तेजी से खराब होती चली गई। जेल प्रशासन ने उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण रजनीश की जान गई। उनका आरोप है कि यदि समय रहते बेहतर इलाज की व्यवस्था की जाती, तो उसकी मौत टाली जा सकती थी।

### जुडिशियल जांच के बीच पोस्टमार्टम

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आज पोस्टमार्टम न्यायिक निगरानी में कराया गया। तीन डॉक्टरों की टीम ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया। इस दौरान न्यायाधीश विनोद वर्मा एवं मृतक के परिजन भी मौजूद रहे। अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# चोरों ने नगदी के साथ लाखों के जेवरात उड़ाए

» कोतवाली थाना के रजडिहा गांव में तीन भाइयों के यहां हुई चोरी

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत रजडिहा गांव में तीन सगे भाइयों के यहां एक साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों द्वारा सुनियोजित तरीके से करीब एक लाख नकदी और 15 लाख से अधिक के जेवरातों की चोरी की गई। चोरी के बाद आरोपी घर से कुछ दूर पर खाली संदूकों एवं कपड़ों को फेंककर रफूचक्कर हो गए। कोतवाली थाना में रिपोर्ट करते हुए उमेश सेन पिता राममिलन सेन उम्र 31 वर्ष निवासी रजडिहा ने कहा है कि वह चार भाई हैं। बड़ा भाई प्रवेश सेन, अपने परिवार के साथ गुजरात में काम करते हैं। वहीं घर में भाई सुरेश सेन, सुभाष सेन और वह रहते हैं। सभी चारों भाई एक घर में ही रहते हैं और सभी के कमरे अलग-अलग हैं। घटना दिनांक 18 अप्रैल 2026 को भाई सुरेश सेन और उसका परिवार रिश्तेदारी में बारात करने बैढऩ गए थे। घर में उसके अलावा छोटे भाई सुभाष की पत्नी उर्मिला सेन थी। भोजन के बाद उर्मिला अपने कमरे में सोने चली गई जबकि वह आंगन में सोया हुआ था। सुबह करीब 5 बजे बहू उर्मिला उठी तो उसके कमरे के बाहर सिटकनी बंद थी। जिसके बाद उसने मुझे संदेशा दिया। वह उठकर उर्मिला के कमरे के बाहर लगी सिटकनी को खोलकर देखा तो अन्य तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखने पर मालूम हुआ कि सभी सामान बिखरे हैं। कमरे में रखी आलमारियों एवं पेटी का ताला टूटा हुआ था। हल्ला गुहार करने परआसपास के लोग भी पहुंचे और घर के कुछ दूर दो पेटियां खुली एवं कपड़े बिखरे मिले।

### यह जेवरात एवं नगदी हुई चोरी

प्रवेश सेन के यहां आलमारी एवं पेटी में रखे जेवरातों में एक जोड़ी सोने का झुमका, एक सोने का मंगलसूत्र, 11 नग लॉकेट की सोने की मंचली, एक जोड़ी चांदी की कमरबंद, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठी एवं 5 हजार नकदी। प्रवेश सेन के यहां भी चोरी हुई। उमेश सेन के यहां से सोने की एक चैन, सोने की अंगूठी दो नग, कमर बंद चोरी की एक नग, चांदी की पायल तीन जोड़ी चांदी की बिछिया आधा दर्जन, सोने की मराठी लॉकेट दो नग, तीन नग चांदी की पायल, बच्चों के सोने के लॉकेट तीन नग, बच्चों की चांदी की चौरासी तीन नग एवं नकदी 65 हजार रुपए शामिल है। सुरेश सेन के यहां से सोने की चैन एक नग, सोने की अंगूठी दो नग, चांदी की पायल दो जोडी, चांदी की चौरासी दो नग, सोने का झुमका एक जोडी, चांदी की कमरबंद एक नग, बच्चों का सोने का लॉकेट दो नग एवं नकदी 35 हजार रुपए चोरी हो गई। पुलिस द्वारा तत्संबंध में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। हैरत की बात तो यह है कि करीब एक सप्ताह हो रहे हैं परंतु पुलिस को चोरी की सुराग नहीं मिला है।

## यमुनानगर:स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

लोक तंत्र की शान

**यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए 50 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।सेल के इंचार्ज अनिल कुमार के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि तेजली क्षेत्र के पास एक व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थ की बिक्री में संलिप्त है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर मौके पर कार्रवाई की गई। संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया। नियमों के अनुरूप ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी ली गई, जिसके दौरान आरोपी के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान जगाधरी निवासी प्रयाग वर्मा के रूप में हुई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पूर्व में भी नशा तस्करी से जुड़े मामलों में संलिप्त रहा है और उसके खिलाफ चार मामले दर्ज हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके सप्लाई नेटवर्क, स्रोत और अन्य संभावित सहयोगियों की पहचान की जा रही है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि विस्तृत पूछताछ की जा सके।




# बरेली में अकीदत का सैलाब अजहरी मियां के कुल की रस्म अदा, असजद मियां ने दिया पैगाम

लोक तंत्र की शान



**बरेली** संदीप चंद्र उत्तर प्रदेशबरेली शहर में शनिवार को अकीदत का सैलाब देखने को मिला सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के मजहबी रहनुमा मुफ्ती मोहम्मद अख्तर रजा खान यानी अजरी मियां का दो दिन चलने वाला उर्स पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया दरगाह ताजुशरिया से लेकर मथुरापुर स्थित मदरसा तक जायरीन का हुजूम सड़कों पर नजर आया हर तरफ ताजुशरिया के नारे लगते नजर आए उर्स की सभी रस्में काजी-ए हिंदुस्तान मुफ्ती अजद मियां की सरपरस्ती में आयोजित हुई कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हो गया समरान खान ने बताया कि शनिवार को दरगाह ताजुशरिया पर फजर की नमाज के बाद महफिल का आगाज हुआ सुबह 7:10 पर ताजुशरिया के वालिद हजरत जिलानी मियां के कुल की रस्म अदा की गई उर्स स्थल सीबीगंज स्थित मदरसा में जोहर की नमाज के बाद उलमा की तकरीर हुई फिर असर और मगरिब की नमाज अदा की गई इसके बाद शाम को 7:14 पर अजरी मियां के आठवें कुल की रस्म अदा की गई इसी के साथ दो रोजा उर्स ताजुशरिया का समापन हो गया कुल के बाद अजद मियां ने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ की बता दें कि दिन भर दरगाह पर हाजिरी और गुलपोशी का सिलसिला चलता रहा इससे पहले शुक्रवार की शाम परचम कुचाई में उर्स का आगाज़ हुआ था जमात रजा-ए मुस्तफा के आईटी सेल प्रभारी अतीक अहमद ने बताया कि जो जायरीन किसी कारण उर्स पर शिरकत नहीं कर सके उन्होंने घर बैठकर ऑनलाइन उर्स में शिरकत की बताया कि दुनिया भर से लाखों जायरीन ऑनलाइन दरगाह की तरफ से जारी किए गए लिंक पर जुड़े

# हसनपुर में महिला जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुरः** शनिवार को हसनपुर में महिला आरक्षण बिल विपक्ष द्वारा गिराए जाने पर महिलाओं का आक्रोश देखने को मिला जिसके तहत महिला सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया यह पदयात्रा हसनपुर ब्लॉक सभागार से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई, इस पदयात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड़क बंशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, यात्रा का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागृत करना रहा, इसका लक्ष्य महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और राजनीतिक उपेक्षा को लेकर विपक्ष के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करना भी रहा, पदयात्रा में भारी संख्या में पहुंची महिलाएं हाथों में विभिन्न नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर नारेबाजी करती हुई नजर आई, कार्यक्रम से पूर्व ब्लॉक सभागार में विभिन्न वक्ताओं ने महिला सुरक्षा बिल को विपक्ष द्वारा गिराए जाने को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए महिलाओं की गरिमा सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह ने कहा "नारी का सम्मान हमारे लिए राजनीति से ऊपर सर्वोपरि धर्म है जो लोग महिलाओं के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं या उनके सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं उन्हें समाज कभी माफ नहीं करेगाः उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन सामाजिक जागरूकता के बिना लक्ष्य अधूरा है, इस मौके पर मुख्य रूप से अंगूरी देवी, आम्रपाली गुर्जर, ज्योति मिश्रा, मंजू सैनी, रश्मि वर्मा, प्रतिज्ञा, मीनाक्षी, इशरत जहां, अंजुम, ईशा, शैली वर्मा, कांता वर्मा, निशाद जहां आदि भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं, वही कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हिमांशु त्यागी, हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, मंडल उपाध्यक्ष भोजराम खड़कवंशी आदि भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आआपा छोड़ते ही राघव चड्ढा के 14 लाख इंस्टाग्राम-फॉलोअर्स घटे

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (AAP) छोड़कर भाजपा जॉइन करने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम पर करीब 14 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 24 घंटे पहले उनके फॉलोअर 14.6 मिलियन थे। शनिवार शाम तक यह 13.2 मिलियन बचे हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह युवा यूजर्स की प्रतिक्रिया हो सकती है। AAP के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को BJP जॉइन कर ली थी। राघव चड्ढा ने कहा था कि हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता भी हमारे साथ हैं। इधर, AAP नेता संजय सिंह ने बताया कि पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने के लिए राज्यसभा के सभापति को लेटर लिखेंगे। AAP का आरोप है कि इन सांसदों का कदम असंवैधानिक है और उन्हें अयोग्य घोषित करना चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि दलबदल विरोधी कानून के तहत राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुटबाजी को मान्यता नहीं दी जाती, चाहे वह दो-तिहाई बहुमत के साथ ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची भी ऐसे किसी अलग गुट को वैध नहीं मानती।

### धीरेंद्र शास्त्री बोले-4 बच्चे पैदा करो, एक आरएसएस को दो

**खजुराहो**। बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- 'आप चार बच्चे पैदा करो। उनमें से एक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को दे दो, ताकि वह दूसरों को बचाने के काम आए।' उन्होंने ये बात नागपुर में विश्व के पहले 'भारतदुर्गा मंदिर' के शिलान्यास समारोह में शुक्रवार को कही। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत भी मौजूद थे। शास्त्री ने कहा- जब कहीं आपदा आती है, तो लोग जान बचाकर भागते हैं, लेकिन संघ के कार्यकर्ता वहां जाकर लोगों की जान बचाते हैं। नागपुर के कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बन रहा 'भारतदुर्गा मंदिर' लोगों को याद दिलाएगा कि भारत 'शास्त्र' और 'शस्त्र' दोनों से चलता है। यह 'माला और भाला' का संगम है। हमारे देवी-देवताओं के हाथों में भी शस्त्र हैं। अगर केवल बंसी बजाने से काम चलता, तो महाभारत का युद्ध कभी नहीं होता। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- दुनिया के किसी अन्य देश में मातृशक्ति को वह सम्मान नहीं मिलता, जो भारत में मिलता है। क्या कभी किसी ने 'पाकिस्तान माता' या 'चीन माता' की जय सुनी है। केवल भारत ही ऐसा देश है, जहां नारी को भोग्या नहीं, बल्कि पूज्या माना जाता है। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भूमिपूजन के समय उनकी आंखें नम थीं, क्योंकि अब भारत नया इतिहास लिखने जा रहा है। उन्होंने हनुमान जी से प्रार्थना की कि भारत संतमय और भगवामय रहे और हम जल्द ही 'अखंड भारत' की ओर बढ़ें। कार्यक्रम में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, कार्ष्णी पीठाधीश्वर पूज्य गोविंद गिरी जी, दीदी मां ऋतम्भरा और चिन्मया मिशन के संतों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

### एअर इंडिया फ्लाइट में घंटों बिना एसी के बैठे यात्री

**इंदौर**। दिल्ली से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-2515 को तकनीकी खराबी के चलते रनवे से वापस टर्मिनल पर लाना पड़ा। रनवे पर खड़ी फ्लाइट के अंदर एयर कंडीशनिंग (AC) बंद कर दी गई। भीषण गर्मी और बंद केबिन में घंटों फंसे रहने से यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रिफंड की मांग को लेकर नारेबाजी की। यह फ्लाइट रोजाना दोपहर 12:10 बजे दिल्ली से उड़ान भरती है और 1:45 बजे इंदौर पहुंचती है, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण इसमें देरी हुई। पहले इसके शाम 5 बजे तक इंदौर पहुंचने की संभावना जताई गई थी, लेकिन करीब 3 घंटे की देरी के बाद यह शाम 5:15 बजे दोबारा रवाना हुई, जो अब लगभग 6:30 बजे इंदौर पहुंचेगी। हालांकि पहले एक यात्री ने कहा था- एअर इंडिया ने फ्लाइट रद्द कर दिया है। घटनाक्रम की शुरुआत दिल्ली एयरपोर्ट पर गेट बदलने से हुई। बोर्डिंग से पहले दो बार गेट बदला गया, जिससे अफरा-तफरी रही। विमान में बैठाने के बाद तकनीकी क्लियरेंस न मिलने से फ्लाइट को लंबे समय तक रनवे पर खड़ा रखा गया। यात्रियों का कहना है कि देरी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और चालक दल से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिले। स्थिति लंबे समय तक जस की तस रही, जिसके बाद विमान को वापस टर्मिनल पर लाया गया। एयरपोर्ट पर उतरते ही यात्रियों ने एअर इंडिया के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जता रहे हैं। यात्रियों ने एयरलाइन पर सुरक्षा से खिलवाड़ और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया। कई यात्री वैकल्पिक व्यवस्था या रिफंड की मांग को लेकर एयरपोर्ट पर अड़े हैं। शालिन जैन नाम के पैसेंजर ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर एअर इंडिया को टैग कर लिखा- एअर इंडिया की लापरवाही दिन-ब-दिन नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। AI-2516 इंदौर-दिल्ली फ्लाइट, जो दोपहर 2:15 बजे निर्धारित थी, हर 30 मिनट में समय बदलते हुए अब शाम 6 बजे बताई जा रही है। क्या यह फ्लाइट आज रवाना भी होगी?



### हर्षानंद का संतों को चैलेंज- फॉरेन फंडिंग साबित करें

**भोपाल**। उज्जैन में संन्यास विवाद के बीच स्वामी हर्षानंद गिरि (पूर्व में हर्षा रिछारिया) ने नया वीडियो जारी कर संतों के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने फॉरेन फंडिंग के आरोपों को खारिज किया। कहा कि एक भी आरोप सही साबित हुआ तो वह अपनी पूरी संपत्ति अर्पित कर देंगी। वहीं आरोप गलत साबित होने पर संबंधित पक्ष से 1 करोड़ मानहानि की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपनी बैंक डिटेल्स सार्वजनिक करने को तैयार हैं। दो दिन पहले संत समाज के अध्यक्ष अनिलानंद महाराज ने उनके संन्यास पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि बार-बार संन्यास लेने की प्रक्रिया सनातन परंपराओं का मजाक बना रही है और यह सब पब्लिसिटी के लिए हो सकता है। साथ ही विदेशी फंडिंग की संभावना भी जताई थी। हर्षानंद गिरि ने अपने पहनावे और लुक पर हो रही आलोचना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि डॉक्टर की सलाह पर वह चश्मा पहनती हैं, लेकिन इसे भी फैशन से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या वह अपनी सेहत का ख्याल भी दूसरों की सोच के हिसाब से रखें? उन्होंने कहा कि उनके आध्यात्मिक जीवन पर बिना जानकारी के आरोप लगाए जा रहे हैं। उनका दावा है कि वे 2019 से उत्तराखंड में रहकर गुरु के सानिध्य में कठिन परिस्थितियों में साधना कर रही थीं।

### मंत्री के भाई ने लेडी सीईओ को धमकाया, मारने दौड़े

**भोपाल**। पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी के बेटे का थार कांड और उसके बाद लोधी की आईपीएस अफसर को धमकी का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि एक और मंत्री के परिजन का विवाद सामने आ गया है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान के भाई इंदर सिंह चौहान से जुड़ा है। चौहान के खिलाफ महिला सीईओ को धमकाने, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। घटना 22 अप्रैल की है। जब इंदर सिंह चौहान, आलीराजपुर जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) प्रिया काग पर भड़क गए थे। वे कन्या विवाह योजना में पहले से विवाहित आवेदकों के आवेदन निरस्त किए जाने को लेकर नाराज थे। आरोप है कि इंदर सिंह, महिला सीईओ को मारने दौड़े। धमकाया, 'तेरे दांत तोड़ दूंगा। तुझे यहीं जिंदा गाड़ दूंगा, यहां सब मेरी मर्जी से होगा।' लेखाधिकारी सावन भिंडे ने उन्हें रोका। इस पूरे मामले में मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा- मैं अपने भाई से बात नहीं करता। वह अपना काम करता है। अलग रहता है। वह किसे, क्या बोल रहा है, वह जाने। कानून अपना काम करेगा। पुलिस ने इंदर सिंह चौहान के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 224, 221, 351(2) और 126(2) के तहत FIR की है। आलीराजपुर एसपी रघुवंश सिंह भदौरिया ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद 24 अप्रैल को चौहान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें जमानत मिल गई। सीईओ काग ने कहा- मैं 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे ऑफिस पहुंची तो इंदर सिंह चौहान ने कन्या विवाह योजना के आवेदन निरस्त करने पर मुझे धमकाया। मुझे मारने दौड़े। उन्होंने मेरा रास्ता भी रोका। मैं अपने कार्यस्थल पर असुरक्षित महसूस कर रही हूं।


# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है भारत

**अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था, भारत का यहां 1100 करोड़ का निवेश**

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इनकार किया है। भारत को नवंबर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है।

**चाबहार से पूरी तरह बाहर नहीं निकल रहा भारत**: रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें



रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी। भारत इस अस्थायी ट्रांसफर को अमेरिका और ईरान के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश के तौर पर देख रहा है। एक तरफ अमेरिका का ईरान पर सख्त प्रतिबंध है, वहीं दूसरी तरफ चाबहार पोर्ट भारत की रणनीति का अहम हिस्सा है। यह पोर्ट पाकिस्तान को बायपास करते हुए सीधे अफगानिस्तान तक पहुंच देता है। चाबहार पोर्ट होर्मुज स्ट्रेट के पास है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। इसकी लोकेशन इसे रणनीतिक रूप से और महत्वपूर्ण बनाती है। चाबहार पोर्ट लंबे समय से भारत की क्षेत्रीय रणनीति का हिस्सा रहा है। इसे पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट में चीन की मौजूदगी के जवाब के तौर पर भी देखा जाता है। ऐसे में हिस्सेदारी ट्रांसफर का कोई भी कदम क्षेत्रीय कूटनीति पर असर डाल सकता है।

**पोर्ट के लिए भारत ने अब तक क्या-क्या किया**: भारत ने साल 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान ईरान से चाबहार पोर्टको लेकर बातचीत शुरू की। बाद में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव के कारण यह प्रक्रिया रुक गई। साल 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने चाबहार पोर्टमें 800 करोड़ रुपए निवेश करने की घोषणा की। साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान और अफगानिस्तान के नेताओं के साथ चाबहार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत भारत ने एक टर्मिनल के लिए 700 करोड़ रुपए देने और पोर्टके विकास के लिए 1,250 करोड़ रुपए का कर्ज देने का फैसला किया। साल 2024 में तत्कालीन विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात कर कनेक्टिविटी के मुद्दे पर चर्चा की।

## राहुल बोले- ममता बीजेपी का रास्ता खोल रहीं

एजेंसी, कोलकाता



♦ **हिमंता ने कहा- बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं BJP से लड़ता रहता हूं। ED ने मेरे से 55 घंटे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया गया था। लेकिन ममता जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्योंकि जो ममता बंगाल में कर रही हैं, मोदी जी देश में कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। मोदी ने अमेरिका को हमारे देश का कृषि सेक्टर बेच दिया।आप जानते हो कि देश में जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं, वो सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कुछ साल पहले कांग्रेस ने देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की। कांग्रेस के दौर में बंगाल में उद्योग थे।

वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इस बार हम असम में सेंचुरी और बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे। मैं भरोसे से कह सकता हूं कि बंगाल में पहले चरण में ही भाजपा 110 सीटें जीत चुकी है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से आने वालों के कारण अगले दो दशकों में असम और बंगाल में हिंदू अपना बहुमत का दर्जा खो देंगे। TMC नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को पहले फेज की 152 सीटों में से 125 से 135 सीटें मिलेंगी। ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोड शो किया। इधर, चुनाव आयोग ने लापरवाही बरतने और निष्पक्षता नहीं रखने पर पांच अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड अधिकारियों में एएसपी और एसडीपीओ भी शामिल हैं।

## असम में सात करोड़ की हेरोइन बरामद, चार महिला समेत पांच गिरफ्तार

एजेंसी, गुवाहाटी

असम में कामरूप जिले के अमीनगांव में पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लगभग 7 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ के साथ चार महिलाओं समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पांचों तस्करों से गहन पूछताछ कर रही है।

असम पुलिस मुख्यालय के सीपीआरओ ने शनिवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने मणिपुर के चुराचांदपुर निवासी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल डेमथांग हाओकिप (36) को उसके अन्य चार महिला तस्करों के साथ अमीनगांव में गिरफ्तार किया। चारों महिला अमीनगांव में नशीले पदार्थों की डिलीवरी करने पहुंची थी, जहां से उसे निचले असम के विभिन्न ज़िलों में भेजा जाना था।

महिला मादक पदार्थ तस्करों के कब्ज़े से हेरोइन भरे प्लास्टिक के



62 साबुनदानी बरामद किए गए। हेरोइन का वजन (बिना साबुनदानी के) 837 ग्राम पाया गया। नशीले पदार्थ की अनुमानित बाजार कीमत 7 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

गिरफ्तार महिला तस्करों की पहचान लाम नेइकिम (25, चुराचांदपुर, मणिपुर), होइनेइगाह (24, चुराचांदपुर, मणिपुर), किम नेइथेन (36, चुराचांदपुर, मणिपुर) और नगाह पी (30, चुराचांदपुर, मणिपुर) के रूप में की गयी है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच जारी रखे हुए है।

## दावा- ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज, ब्रिटेन के कब्जे वाले फॉकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं

एजेंसी, नई दिल्ली

ब्रिटेन और स्पेन ने NATO से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (ऑप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को NATO के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फॉकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है।

**शुरूआत में ब्रिटेन ने एयरबेस देने से इनकार किया था**: ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को



मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।


**फॉकलैंड को लेकर अर्जेंटीना और ब्रिटेन में विवाद**: फॉकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फॉकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13,000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

# परफ्यूम की बोतल के कारण भड़की आग, 4 जिंदा जले, नीमराना के अवैध कबाड़ गोदाम में धमाके

एजेंसी, नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़)

राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो नाबालिग भी हैं। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलसी है। दो लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में भी ब्लास्ट हुए। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है।

**कबाड़ भरने आए ड्राइवर ने जलाई थी बीड़ी**: पुलिस के अनुसार गोदाम कृषि भूमि पर बना हुआ है। जिसे कबाड़ का काम करने वाले करण सिंह पुत्र मामन सिंह कोलीला ने किराये पर ले रखा था। शुक्रवार शाम को मजदूर कबाड़ में मिली कुछ परफ्यूम की बोतलें



तोड़ रहे थे। इसमें से स्पिरिट जैसा ज्वलनशील केमिकल निकल रहा था। इसी दौरान वहां कबाड़ लोड करने आए एक पिकअप गाड़ी के ड्राइवर ने बीड़ी जलाकर जलती तीली फेंक दी। जिससे केमिकल ने आग पकड़ ली।

**मजदूरों पर टीनशेड के पिलर पिघल कर गिर गए**: हादसे के वक्त करीब 7 महिला, पुरुष और उनके बच्चे मौजूद थे। कबाड़ में आग फैलते ही सब इधर-उधर भागने लगे। इनमें दो नाबालिग और एक महिला गोदाम के पिछले हिस्से में छुप गए। उस हिस्से में कबाड़ नहीं था। उन्होंने सोचा यहां लपटें नहीं पहुंचेंगी, लेकिन भीषण आग से टीनशेड के पिलर पिघलकर उन पर गिर गए। नीचे प्लास्टिक वेस्ट धधकने लगा। इस कारण वो वहीं फंस गए। हादसे में नीमराना निवासी दशरथ (28) पुत्र जगदीश,

♦ **1 किलोमीटर तक दिखाई दीं लपटें, 2 लोग लापता**

हरियाणा के नारनौल निवासी रविदत यादव (58) पुत्र पूर्ण सिंह, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर निवासी कविता (17) पुत्री रूपनलाल और आरूषी (7) पुत्री संतराम की मौत हो गई।

**धमाकों से दहला पूरा इलाका**: गोदाम में रखे केमिकल से भरे ड्रमों में तेज धमाके होने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। धमाकों की आवाज से आसपास दहशत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रुक-रुककर करीब 5 धमाके गोदाम के अंदर हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी अवैध गोदाम को लेकर प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन गोदाम बंद नहीं कराया गया।

## पुलिस रिमांड के बाद सांसद अमृतपाल सिंह को डिब्रूगढ़ जेल वापस भेजा गया

एजेंसी, डिब्रूगढ़

'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को शनिवार को डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन में दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल पुनः भेज दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून/राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत उनकी हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद पंजाब पुलिस द्वारा उन्हें दोबारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद, शुक्रवार को सांसद को एक स्थानीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए पेश किया गया। यह मामला फरवरी, 2024 में जेल की एनएसए सेल से कुछ गैर-कानूनी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद होने से जुड़ा है।

यह कार्यवाही ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास चंदन सैकिया के सामने हुई, जिसमें सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस स्टेशन से पेश किया गया। उनके नौ साथी, जिन्हें पहले डिब्रूगढ़ में उनके साथ रखा



गया था और बाद में पंजाब की जेलों में भेज दिया गया था, उन्हें भी एक साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गोइंदवाल, बठिंडा और पटियाला जेलों से पेश किया गया। यह मामला हाई-सिक्योरिटी वाली एनएसए सेल के अंदर कथित तौर पर गैर-कानूनी कम्युनिकेशन डिवाइस इस्तेमाल करने से जुड़ा है, जिससे जेल की सुरक्षा और निगरानी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

'वारिस पंजाब दे' पर हुई कार्रवाई के बाद 2023 में सांसद अमृतपाल सिंह को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था और उन्हें अपने कई साथियों के साथ डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में रखा गया था।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोघाट में किया रोड शो



एजेंसी, नई हुगली

हुगली जिले के गोघाट में चुनावी माहौल के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए जोरदार प्रचार अभियान चलाया। शनिवार को पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में गोघाट के बेतरा इलाके में वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो किया।

जानकारी के अनुसार, वे हेलीकॉप्टर से बेतरा पहुंचे और वहां से खुली गाड़ी में सवार होकर बदनगंज बस स्टैंड तक रोड शो किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरे इलाके में भाजपा के झंडे, बैनर और नारों से माहौल गूंज उठा।

रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि 4 मई के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गुंडाराज और भ्रष्टाचार का अंत होगा। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और गरमा गया है। इस कार्यक्रम को लेकर इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध समाज में मौजूद एक गहरी संरचनात्मक समस्या का परिणाम: न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

एजेंसी, रांची

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, विशेषकर झारखंड में डायन प्रथा (विच हंटिंग) जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड न्यायिक अकादमी के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें अपराध पीड़ितों को राहत और पुनर्वास प्रदान करने में विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमनुल्लाह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनाक, न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद




सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 महिलाओं को समानता, भेदभाव से मुक्ति और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देते हैं, लेकिन वास्तविकता में इन अधिकारों और उनके क्रियान्वयन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध समाज की गहरी संरचनात्मक समस्या का परिणाम हैं, जहां हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। विशेष रूप से झारखंड में प्रचलित डायन प्रथा को उन्होंने अमानवीय और लैंगिक

♦ **झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध और डायन प्रथा पर मंथन, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने जताई चिंता**

हिंसा का गंभीर रूप बताया।

उन्होंने कहा कि डायन प्रथा केवल अंधविश्वास नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता, सत्ता संघर्ष और पितृसत्ता से जुड़ा मुद्दा है। इस पर प्रभावी रोक लगाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने यह भी कहा कि न्याय केवल अपराधियों को सजा देने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पीड़ितों के पुनर्वास को इसका केंद्र बनाया जाना चाहिए। विधिक सेवा संस्थाओं को गांव स्तर तक पहुंच बनाकर पीड़ितों को कानूनी सहायता, जागरूकता और मुआवजा दिलाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः काकः सर्वरसान भुक्ते विनामध्यम न तृप्यति।।आओ निंदा त्यागने का संकल्प लें



लोकतंत्र की शान

» जब हम किसी और पर आरोप लगाते हैं,तो हमको अपनी गलतियों पर आत्म-चिंतन, जवाबदेही परभी विचार करना चाहिए।

» हम एक उंगली दूसरे पर उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारे ऊपर उठती है इस को रेखांकित करना ज़रूरी

» हम खुद का आंकलन दूसरे से श्रेष्ठ करने की चूक से बचें स्वयं को छोटा कहलाने वाला व्यक्ति सबसे श्रेष्ठ गुणवान होता है - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र




**गोंदिया** - सृष्टि में खूबसूरत मानवीय जीव की रचना कर रचनाकर्ता नें उसमें गुण और अवगुण रूपी दो गुलदस्ते भी जोड़े हैं और उनका चयन करने के लिए 84 लाख़ योनियों में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि का सृजन मानवीय योनि में कर अपने भले बुरे सोचनें का हक उसी को दिया है,परंतु हम अपनीं जीवन यात्रा में देखते हैं कि मानवीय जीव अवगुण रूपी गुलदस्ते का चुनाव खुद कर उसमें ढल जाता है और अंत में दोष सृष्टि रचनाकर्ता को ही देता है कि मेरे जीवन को नरक बना दिया जबकि गलती मानवीय जीव की ही है कि उसने ही अपनी बुद्धि से उस अवगुण रूपी गुलदस्ते को चुना !मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि कहावत "जब हम एक उंगली उठाते हैं, तो तीन उंगलियां हमारी ओर इशारा करती हैं" अक्सर आत्म-चिंतन और जवाबदेही के विचार से जुड़ी होती है। यह वाक्यांश बताता है कि जब हम किसी और पर आरोप लगाते हैं या दोष देते हैं,तो हमको उस स्थिति में अपनी गलतियों या योगदानों पर भी विचार करना चाहिए।हालांकि इस कहावत की सटीक उत्पत्ति स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह विभिन्न सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपराओं में पाए जाने वाले विषयों को समाहित करती है।यह प्रक्षेपण के बारे में मनोविज्ञान की अवधारणाओं के साथ संरेखित है, जहां व्यक्ति अपने अवांछनीय गुणों या व्यवहारों को दूसरों पर आरोपित करते हैं। उंगलियों की छवि यह दर्शाती है कि आलोचना अक्सर आलोचना के विषय की तुलना में आलोचक के बारे में अधिक दर्शाती है।इस वाक्यांश की खूबसूरती यह है कि यह किसी और को दोष देने के बजाय आत्मनिरीक्षण करने पर मजबूर करता है।यूं तो अवगुणों को सैकड़ों शब्दों, बुराइयों से पुकारा जाता है जिसमें आज हम निंदा बुराई, दूसरों पर उंगली उठाना इस अवगुण की चर्चा कर करेंगे आओ निंदा रूपी अवगुण त्यागने का संकल्प लें।हम खुद का आंकलन दूसरे से श्रेष्ठ करने की चूक से बचें स्वयं को छोटा कहलाने वाला व्यक्ति सबसे श्रेष्ठ गुणवान होता है। साथियों बात अगर हम निंदा की करें तो किसी ने खूब ही कहा है कि, संसार में प्रत्येक जीव की रचना ईश्वर अल्लाह ने किसी उद्देश्य से की है। हमें ईश्वर अल्लाह की किसी भी रचना का मखौल उड़ाने का अधिकार नहीं है।इसलिए किसी की निंदा करना साक्षात परमात्मा की निंदा करने के समान है।किसी की आलोचना से आप खुद के अहंकार को कुछ समय के लिए तो संतुष्ट कर सकते हैं किन्तु किसी की काबिलियत, नेकी, अच्छाई और सच्चाई की संपदा को नष्ट नहीं कर सकते। जो सूर्य की तरह प्रखर है, उस पर निंदा के कितने ही काले बादल छा जाएं किन्तु उसकी प्रखरता, तेजस्विता और ऊष्णता में कमी नहीं आ सकती। साथियों बात अगर हम खुद का आंकलन दूसरों से सर्वश्रेष्ठ करने की करें तो, अपनी प्रशंसा तथा दूसरों की निंदा असत्य के समान है। जैसे हमारी आंखें चंद्रमा के कलंक तो देख लेती हैं , किंतु अपने काजल को नहीं देख पातीं। उसी प्रकार हम दूसरों के दोषों को देखते हैं , हालांकि खुद अनेक दोषों से भरे हैं। दूसरों में जो दोष दिखाई देते हैं , सचमुच उनका कारण हमारे अपने चित्त की दूषित वृत्तियां ही है। दूसरों की निंदा किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं होती। इस संबंध में एक कवि ने लिखा भी है कि हमें परखने का तरीका नहीं है। कोई वरना दुश्मन किसी का नहीं है। निंदक को यह याद रखना चाहिए कि दुनिया तुझे हजारों आंखों से देखेगी , जबकि तू दुनिया को दो ही आंखों से देख सकेगा। साथियों बात अगर हम दूसरों पर एक उंगली उठाने की करें तो, जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे के दोषों पर उंगली उठाता है , तो उसे याद रखना चाहिए कि पीछे की और मुड़ी उसकी तीन उंगलियां पहले उसी की ओर संकेत कर रही होती हैं। निंदा- चुगली व्यर्थ ही है। इससे परस्पर वैमनस्य , कटुता और संघर्ष बढ़ते हैं। इसीलिए कहा है कि दूसरों के कृत्याकृत्यों को न देखो , केवल अपने ही कृत्यों का अवलोकन करो। यूं तो लोग चुप रहने वाले की निंदा करते हैं। बहुत बोलने वाले की निंदा करते हैं ,मातृ भाषी की निंदा करते हैं , संसार में ऐसा कोई नहीं है , जिसकी निंदा न होती हो, इसीलिए कहा है- जैसी जाकी बुद्धि है , तैसी कहै बनाय। ताको बुरा न मानिए , लेन कहां यूं जाए। ' केवल दूसरों द्वारा अपनी निंदा सुनकर मनुष्य अपने को निंदित न समझें , वह अपने आप को स्वयं ही जाने , क्योंकि लोक तो निरंकुश है , जो चाहता है सो कह देता है। द्वेषी गुणं न पश्यति , दोषी गुणों को नहीं देखता। साथियों बात अगर हम पर निंदा में आनंद की करेंतो परनिंदा में प्रारंभ में काफी आनंद मिलता है लेकिन बाद में निंदा करने से मन में अशांति व्याप्त होती है और हम हमारा जीवन दुःखों से भर लेते हैं। प्रत्येक मनुष्य का अपना अलग दृष्टिकोण एवं स्वभाव होता है। दूसरों के विषय में कोई अपनी कुछ भी धारणा बना सकता है। हर मनुष्य का अपनी जीभ पर अधिकार है और निंदा करने से किसी को रोकना संभव नहीं है। न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः काकःसर्वरसान भुक्ते विनामध्यम न तृप्यति।। अर्थ-लोगों की निंदा (बुराई) किये बिना दुष्ट (बुरे) व्यक्तियों को आनंद नहीं आता। जैसे कौवा सब रसों का भोग करता है परंतु गंदगी के बिना उसकी संतुष्टि नहीं होती, लोग अलग-अलग कारणों से निंदा रस का पान करते हैं। कुछ सिर्फ अपना समय काटने के लिए किसी की निंदा में लगे रहते हैं तो कुछ खुद को किसी से बेहतर साबित करने के लिए निंदा को अपना नित्य का नियम बना लेते हैं। निंदकों को संतुष्ट करना संभव नहीं है। साथियों बात अगर हम निंदा पर वैश्विक विचारों की करें तो, महात्मा गांधी ने भी कहा है कि दूसरों के दोष देखने की बजाय हम उनके गुणों को ग्रहण करें। दूसरों की निंदा अश्रेयस्कारी है। निंदा करने व सुनने में व्यक्ति प्रायः आनंद लेता है। जबकि निंदा सुनना व निंदा करना, दोनों ही विषय है। इसीलिए हमारे महापुरुषों ने तो कहा है ' सपनेहां नहिं देखा परदोषा !अर्थात् स्वप्न में भी पराये दोषों को न देखना। भगवान बुद्ध ने कहा है , जो दूसरों के अवगुणों की चर्चा करता है , वह अपने अवगुण प्रकट करता है। भगवान महावीर ने भी कहा है कि किसी की निंदा करना पीठ का मांस खाने के बराबर है। विधाता प्रायः सभी गुणों को किसी एक व्यक्ति या एक स्थान पर नहीं देता है। ईसा मसीह ने कहा था ,लोग दूसरों की आंखों का तिनका तो देखते हैं, पर अपनी आंख के शहतीर को नहीं देखते। हेनरी फोर्ड ने कहा कि मैं हमेशा दूसरों के दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करता हूं। हमारी सद्भावना या दुर्भावना ही किसी को मित्र या शत्रु मानने के लिए बाध्य करती है।सद्भावना अनुकूल स्थिति के कारण होती है और दुर्भावना प्रतिकूल स्थिति के कारण होती है। लोगों के छिपे हुए ऐब जाहिर मत करो। इससे उसकी इज्जत तो जरूर घट जाएगी, मगर तेरा तो ऐतबार ही उठ जाएगा। साथियों बात अगर हम दूसरों के दोष ढूंढना, निंदा करना मानवीय स्वभाव की करें तो, दूसरों की निंदा करना। सदैव दूसरों में दोष ढूंढते रहना मानवीय स्वभाव का एक बड़ा अवगुण है। दूसरों में दोष निकालना और खुद को श्रेष्ठ बताना कुछ लोगों का स्वभाव होता है। इस तरह के लोग हमें कहीं भी आसानी से मिल जाएंगे। प्रतिवाद में व्यर्थ समय गंवाने से बेहतर है अपने मनोबल को और भी अधिक बढ़ाकर जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहें। ऐसा करने से एक दिन आपकी स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी और आपके निंदकों को सिवाय निराशा के कुछ भी हाथ नहीं लगेगा। इसलिए सब तरफ गुण ही ढूंढने की आदत डालो। देखो कितना आनंद आता है। दुनिया में पूर्ण कौन है हरेक में कुछ न कुछ त्रुटियां रहती हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः। काकःसर्वरसान भुक्ते विनामध्यम न तृप्यति।।आओ निंदा त्यागने का संकल्प लें हम एक उंगली दूसरों पर उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारे तरफ उठती है इसको रेखांकित करना ज़रूरी है हम खुद का आंकलन दूसरे से सर्वश्रेष्ठ करने की चूक से बचें, स्वयं का छोटा कहलानें वाले व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ गुणवान होतें है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9359653465**

## लोकसंख्या के अनुसार सांसद बढ़ाने की सोच, पर रोजगार बढ़ाने पर क्यों नहीं ध्यान?



लेखकः रमेश कृष्णराव लांजेवार

देश में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव घोषित होते ही 3 मई तक आचार संहिता लागू है। ऐसे समय में केंद्र सरकार ने अचानक विशेष अधिवेशन बुलाकर महिला आरक्षण, परिसीमन और परिसीमन आयोग से जुड़े विधेयक पेश किए। लेकिन इस अधिवेशन का वास्तविक उद्देश्य 20 सितंबर 2023 के पहले से पारित महिला आरक्षण कानून को किनारे कर लोकसभा सदस्यों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करना और उसमें 33% आरक्षण देना था।हालांकि यह प्रस्ताव संसद में पास नहीं हो सका, जिसके बाद सत्ताधारी दल के नेताओं ने आगबबुला होकर विपक्ष पर तीखे आरोप लगाए। किसी ने कहा विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों की हत्या की, तो किसी ने महिलाओं के सपनों को कुचलने का आरोप लगाया। पर सवाल यह उठता है कि अगर सरकार को सच में महिलाओं के आरक्षण की इतनी चिंता थी, तो 2023 में पारित कानून को लागू क्यों नहीं किया गया?इससे साफ होता है कि सरकार 543 सीटों में ही 33% आरक्षण लागू नहीं करना चाहती थी। यही कारण है कि नया विधेयक लाकर मुद्दे को उलझाने की कोशिश की गई। यदि सरकार गंभीर होती, तो हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपने स्तर पर 33% महिलाओं को टिकट देती।लोकसभा में वर्तमान में 543 और राज्यसभा में 245 सदस्य हैं। इसके अलावा देशभर में विधानसभा, नगरपालिकाएं, जिला परिषद और ग्राम पंचायत जैसे कई स्तरों पर जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। ऐसे में सांसदों की संख्या बढ़ाने की जरूरत क्यों महसूस हुई? अगर सांसदों की संख्या बढ़ती है, तो उनके वेतन, भत्ते और पेंशन पर हर महीने करोड़ों रुपये खर्च होंगे और इसका खामीयाजा आमजनता को भुगतना पडेगा!यही पैसा अगर रोजगार सृजन, किसानों की सहायता और महंगाई नियंत्रण में लगाया जाए, तो देश का अधिक विकास हो सकता है।सरकार का तर्क है कि बढ़ती जनसंख्या के अनुसार सांसदों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। लेकिन यही तर्क बेरोजगारी पर क्यों लागू नहीं होता? आज देश में कई सरकारी विभागों में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे काम प्रभावित हो रहा है और बेरोजगारी बढ़ रही है।महंगाई लगातार बढ़ रही है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं और EPS-95 पेंशनधारक पिछले 12 वर्षों से न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उन्हें आज भी केवल 1000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जिसे कम से कम 7500 रुपये करने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।ऐसा प्रतीत होता है कि जब सरकार के राजनीतिक हितों की बात आती है, तब विशेष अधिवेशन बुलाया जाता है, लेकिन आम जनता की समस्याएं अनदेखी रह जाती हैं।अंत में, सभी राजनीतिक दलों को पहले अपनी सोच बदलनी होगी। यदि वे सच में महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, तो उन्हें अपने स्तर पर 33% या उससे अधिक टिकट महिलाओं को देकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इसके बाद ही कानून के माध्यम से इसे लागू करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

जय हिंद।

लेखक: रमेश कृष्णराव लांजेवार

(स्वतंत्र पत्रकार)

मो.नं.9921690779, नागपूर

## भारतीय ज्ञान-संपदा और वैश्विक नवाचार के बीच संवाद



लेखक - ललित गर्ग

प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस केवल किसी कानूनी अधिकार की औपचारिक स्मृति नहीं है, बल्कि यह मानव मस्तिष्क की उस सृजनशील शक्ति का उत्सव है जिसने सभ्यता को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर किया। इस वर्ष का विषय खेल और बौद्धिक संपदा को जोड़ते हुए यह संदेश देता है कि सृजन, परिश्रम और संरक्षण-ये तीनों मिलकर विकास की नई दिशा निर्मित करते हैं। आज जब संसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, डिजिटल माध्यम और अंतरिक्ष अनुसंधान के युग में प्रवेश कर चुका है, तब बौद्धिक संपदा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। किसी राष्ट्र की शक्ति अब केवल उसकी भौतिक संपदा से नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक क्षमता, अनुसंधान परंपरा और ज्ञान के संरक्षण से भी मापी जाने लगी है। बौद्धिक संपदा का अर्थ है मनुष्य के मस्तिष्क से उत्पन्न वह मौलिक रचना जो समाज को नया विचार, नया उपकरण, नई कला, नई तकनीक या नई दिशा प्रदान करे। साहित्य, संगीत, वैज्ञानिक खोज, औषधि, तकनीकी आविष्कार, औद्योगिक रचना और विशिष्ट परंपरागत ज्ञान-ये सब बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी सर्जक की रचना का अनुचित उपयोग न हो और उसके श्रम को उचित सम्मान तथा संरक्षण मिले। यह संरक्षण केवल व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास और आर्थिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। यदि विश्व के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पश्चिमी देशों ने आधुनिक बौद्धिक संपदा व्यवस्था को संगठित रूप प्रदान किया। यूरोप और अमेरिका ने पेटेंट, प्रतिलिप्यधिकार और व्यापार चिह्नों के माध्यम से नवाचार को उद्योग से जोड़ा। वहां विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के बीच समन्वय ने ज्ञान को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित किया। औद्योगिक क्रांति से लेकर डिजिटल क्रांति तक अनेक आविष्कारों ने विश्व की दिशा बदली। कंप्यूटर, इंटरनेट, जैव चिकित्सा और संचार क्रांति का आधार भी इसी संरक्षित बौद्धिक संपदा प्रणाली में निहित रहा। इन देशों ने यह समझ लिया कि भविष्य की समृद्धि केवल भूमि और खनिजों में नहीं, बल्कि विचारों की मौलिकता में छिपी है। किन्तु भारत की बौद्धिक परंपरा इससे कहीं अधिक प्राचीन और गहरी रही है। भारत ने संसार को केवल वस्तुएँ नहीं दीं, बल्कि जीवन-दृष्टि दी है। जब अनेक सभ्यताएँ अस्तित्व की खोज में थीं, तब भारत वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, गणित, ज्योतिष, दर्शन और व्याकरण के माध्यम से ज्ञान के उच्च शिखर पर खड़ा था। शून्य का सिद्धांत, दशमलव पद्धति, धातु विज्ञान, शल्य चिकित्सा, योग-साधना और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की अवधारणा भारतीय मनीषा की देन हैं। आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, पाणिनि और पतंजलि जैसे महापुरुषों ने ऐसे ज्ञान-स्रोत दिए जिनसे विश्व आज भी प्रेरणा लेता है। यह भारतीय बौद्धिक संपदा का वह स्वरूप है जो किसी दस्तावेज में पंजीकृत नहीं था, फिर भी मानवता की चेतना में अंकित रहा। विश्व की आधुनिक बौद्धिक संपदा मुख्यतः व्यक्तिगत स्वामित्व पर आधारित है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा सामूहिक कल्याण पर आधारित रही है। भारत में ज्ञान को व्यापार नहीं, साधना माना गया। यहां ऋषियों ने अपने अनुभवों को मानवता के लिए मुक्त रखा। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना में ज्ञान का उद्देश्य निजी लाभ नहीं, लोकमंगल था। यही कारण है कि भारतीय बौद्धिक संपदा का स्वरूप नैतिकता और आध्यात्मिकता से जुड़ा रहा। पश्चिम ने ज्ञान को संरक्षित कर समृद्धि अर्जित की, जबकि भारत ने ज्ञान को साझा कर संस्कृति अर्जित की। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी इस प्राचीन परंपरा को आधुनिक संरक्षण व्यवस्था से जोड़े ताकि उसका पारंपरिक ज्ञान वैश्विक बाजार में शोषण का शिकार न हो। हल्दी, नीम और बासमती जैसे उदाहरण इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। कभी विदेशी संस्थानों ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया, किंतु भारत ने प्रमाण देकर सिद्ध किया कि यह ज्ञान उसकी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके बाद भारत ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय जैसी पहल कर यह दिखाया कि अपनी बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग कितना आवश्यक है। यह केवल अधिकार की रक्षा नहीं थी, बल्कि अपनी सभ्यता के सम्मान की रक्षा भी थी।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बौद्धिक संपदा का प्रश्न और जटिल हो गया है। मशीनें चित्र बना रही हैं, लेख लिख रही हैं, संगीत रच रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में भाग ले रही हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न उठ रहा है कि सर्जक कौन है-मनुष्य या मशीन? यदि किसी कृत्रिम प्रणाली ने कोई नई खोज की तो उसका अधिकार किसे मिलेगा? यह चुनौती केवल कानून की नहीं, बल्कि दर्शन की भी है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर भी है क्योंकि यहां मानव-केंद्रित ज्ञान परंपरा है। भारत आधुनिक तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़कर बौद्धिक संपदा की नई दिशा दे सकता है। भारत आज नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवा उद्यमिता, अंतरिक्ष विज्ञान, औषधि निर्माण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ग्रामीण तकनीक के क्षेत्रों में भारत ने विश्व को चकित किया है। चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों में भी मौलिक बुद्धि चमत्कार कर सकती है। भारतीय औषधि उद्योग ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय सस्ती दवाओं और टीकों के माध्यम से विश्व का विश्वास जीता। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय बौद्धिक क्षमता का वैश्विक प्रमाण है। फिर भी भारत को अभी लंबा मार्ग तय करना है। विश्व के विकसित देशों की तुलना में अनुसंधान निवेश, पेटेंट आवेदन, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में भारत को और सशक्त होना होगा। हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं, किंतु संरक्षण और प्रोत्साहन की व्यवस्था अभी पूर्ण नहीं है। अनेक युवा अपने विचारों को सुरक्षित कराने की प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं। यदि शिक्षा व्यवस्था में आरंभ से ही सृजन और बौद्धिक अधिकारों की समझ विकसित की जाए तो भारत विश्व का अग्रणी ज्ञान-राष्ट्र बन सकता है।

विश्व बौद्धिक संपदा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भविष्य उन्हीं का होगा जो विचारों का सम्मान करेंगे। जिस राष्ट्र ने अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा की, वही दीर्घकालीन विकास की दिशा में अग्रसर हुआ। भारत के पास प्राचीन ज्ञान की गहराई है और आधुनिक नवाचार की संभावना भी। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम अपनी परंपरा को आधुनिक संरचना से जोड़ें। भारत की बौद्धिक संपदा केवल पेटेंट या अधिकार का विषय नहीं है, वह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यदि उसे सही रूप में पहचाना और संरक्षित किया जाए तो भारत केवल विश्व बाजार में नहीं, बल्कि विश्व चेतना में भी अपना विशिष्ट स्थान पुनः प्राप्त कर सकता है। आज का यह दिवस हमें यही संदेश देता है कि भौतिक युग में भी सबसे बड़ी शक्ति मनुष्य की बुद्धि है, और उस बुद्धि की सबसे बड़ी सुरक्षा बौद्धिक संपदा है। भारत जब अपनी ज्ञान-परंपरा और आधुनिक नवाचार को एक साथ लेकर चलेगा, तब वह केवल विश्व से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगा, बल्कि विश्व को दिशा भी देगा।

## भारत को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प का बयान निंदनीय है



लेखक- संजय गोस्वामी

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प का बयान नर्क है भारत बेहद निंदनीय है हाँ उनके लिहाज से हो सकता है क्योंकि भारत में पश्चिमी सभ्यता का नष्ट हुआ और भारत में भगवान राम ने त्याग और मर्यादा का जो पालन किया वो सभी के लिए प्रेरणादायक है नर्क है तो आखिर स्वर्ग क्या है हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, अप्सराएं इंद्रलोक (स्वर्ग) की दिव्य नृत्यांगना, गायिका और सेविका हैं, जो बेमिसाल सुंदरता और जादूई शक्तियों से संपन्न मानी जाती हैं। ये गंधर्वों के साथ मिलकर देवताओं का मनोरंजन करती हैं और ऋषियों की तपस्या भंग करने के लिए जानी जाती हैं। प्रमुख अप्सराओं में रंभा, उर्वशी, मेनका और तिलोत्तमा शामिल है अतः यहाँ अप्सराएं राजा को खुश करने के लिए नहीं नाचती है स्वर्ग में मजा है लेकिन मजा ही एक दिन सज़ा का कारण बनती है यहाँ के लोग मेहनत करते है खून पसीना बहा कर दो पैसा कमाते है लेकिन गुंडागर्दी नहीं करते हैं त्याग का रास्ता जो हमारे भगवान राम ने दिखाया है वो पूर्ण विश्व के लिए एक शांति का संदेश है अगर हर मनुष्य भगवान राम का मात्र 10 मिनट भी ध्यान कर ले तो क्रोध कभी नहीं आएगा लोग काम की चिंता में डूबे रहते हैँ लेकिन क्या होगा यदि हम नहीं कर पाएं, काम में गलती होती है लेकिन राम का नाम हमें यही बताता है यहाँ हम सब एक मुसाफिर हैँ इसलिए ना किसी बात की चिंता करो ना ही हिम्मत हारो और क्रोध को नियंत्रण करना सिर्फ भगवान राम से ही सीखा जा सकता है क्योंकि जब समुद्र लंका जाने में रास्ता नहीं दे रहा था तो लकक्ष्मणजी उनके भाई समुद्र में बाण चला देते लेकिन बाद में भगवान राम ने रोका और समुद्र ने अपनी बात बताई क्योंकि भगवान राम कहते हैं हमें हमेशा दूसरे के बारे में भी सोचना चाहिए यदि गलत हुआ हो तो अवश्य ही अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाए पहले से ट्रम्प का भारत के प्रति रवैया बहुत ही शर्मनाक रहा और हाल ही में आतंकवादी के गढ़ का देश पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शान्ति वार्ता का शुभारम्भ कराकर ऐ दिखाने की कोशिश की गईं कि भारत देश की विदेश नीति सही नहीं है लेकिन पाकिस्तान में शान्ति वार्ता को झटका भी लगा और ईरान ने आपकी शर्त मानने से इंकार कर दिया आप ईरान में इजराइल के साथ मिलकर जंग में इसलिए कूदे की तेल के बड़े भंडार पर कब्ज़ा कर ले लेकिन इजराइल का ऑब्जेक्टिव कुछ और है और वो ना तो शान्ति वार्ता में पाकिस्तान गया ना ही सीजफ़ायर की पेशकश की आप रातोंरात 63 साल के मादुरो और उनकी पत्नी को शनिवार को वेनेज़ुएला में उनके परिसर से अमेरिकी सैनिकों ने पकड़ा था। यह अचानक रातों-रात चलाया गया एक अभियान था, जिसमें कुछ सैन्य ठिकानों पर हमले भी हुए। गिरफ़्तारी के बाद दोनों को न्यूयॉर्क की एक जेल में ले जाया गया तो आप खुद अपने अंदर झाँक कर देखें कबीर साहब ने सही कहा है :बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।।अर्थ:कबीर दास जी कहते हैं कि जब मैं इस संसार में दूसरों की बुराई या कमियां खोजने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने मन (दिल) के भीतर झांककर देखा, तो मुझे एहसास हुआ कि मैं स्वयं ही सबसे अधिक बुरा (दोषी) हैं संत कबीरदास जी का यह प्रसिद्ध दोहा आत्म-निरीक्षण (Self-reflection) और विनम्रता का संदेश देता है, जो बताता है कि दूसरों में बुराई खोजने से पहले हमें अपने भीतर झांकना चाहिए। भारत 140 करोड़ लोगों का एक शांतिप्रिय देश है और लोकतान्त्रिक देश है भारत ने आपसे पूछ कर 1998 में परमाणु परीक्षण आपके ही सेटेलाइट को चकमा दे कर किया और कारगिल विजय पर अटलजी ने पाकिस्तान को क्या खुब कहा था:अमेरिका से एक नहीं दो नहीं करो बीसों समझौते पर स्वतन्त्र भारत का मस्तक नहीं झुकेगा अगणित बलिदानो से अर्जित यह स्वतन्त्रता अश्रु स्वेद शोणित से सिंचित यह स्वतन्त्रता त्याग तेज तपबल से रक्षित यह स्वतन्त्रता दु:खी मनुजता के हित अर्पित यह स्वतन्त्रता। भारत एक स्वतंत्र देश है नर्क है या स्वर्ग इसका फैसला ईश्वर कर सकता है जो सभी को चला रहा है आपसे अपना देश तो संभल नहीं रहा है आक्रोश है लोगों में क्योंकि युद्ध की आग में झोंक कर पूर्ण विश्व में तेल और गैस पर संकट आ गया, क्या आप सोचते हैं कि भारत आपसे दूध का निर्यात करें जिसे चारा में मांस खिलाया जाता है और दूध पीकर मन के अंदर विष भर ले, स्वर्ग की लालसा के लिए नर्क से होकर ही गुजरना पड़ता है अंग्रेजी हुकूमत ने भारतीय को नर्क में रखा लेकिन उनके त्याग और बलिदान से देश आजाद हुआ और स्वर्ग है हमारी मातृभूमि जिसे अनेक ऋषि और मुनि प्राचीन भारतीय संत या द्रष्टा थे, जिन्होंने गहन ध्यान (तप) और आध्यात्मिक साधना के माध्यम से दिव्य ज्ञान और शाश्वत सत्यों को प्राप्त किया। ऋषियों को ऐसे द्रष्टा के रूप में वर्णित किया गया है जिन्होंने वैदिक मंत्रों को प्रकट किया, जबकि मुनि ऐसे संत हैं जो अपने मौन व्रत या आध्यात्मिक मौन में गहरी तल्लीनता के लिए जाने जाते हैं। इसलिए भारत एक महान देश है. क्योंकि इसकी सभ्यता और संस्कृति पश्चिम देशों जैसी अश्लील नहीं है।

# डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज फ्रेंच ओपन से हटे

## कलाई में चोट; रोम मास्टर्स से भी बाहर

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** टेनिस स्टार और वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्काराज इस साल फ्रेंच ओपन में नजर नहीं आएंगे। दो बार के मौजूदा चैंपियन अल्काराज ने कलाई की चोट से उबरने के लिए हटने का फैसला किया है। वे रोम मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लेंगे। फ्रेंच ओपन 18 मई से होना है। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। अल्काराज ने बताया कि टीम ने तय किया कि पूरी तरह फिट हुए बिना वापसी जोखिम भरी हो सकती है, इसलिए रिकवरी पर ध्यान जरूरी है।



### बार्सिलोना ओपन के दौरान लगी थी चोट

अल्काराज को इसी महीने बार्सिलोना ओपन के पहले दौर में कलाई में चोट लगी थी। ओटो विर्टानन के खिलाफ मैच जीतने के बाद दर्द बढ़ने पर उन्होंने टूर्नामेंट छोड़ दिया था। 17 अप्रैल को उन्होंने मैड्रिड मास्टर्स से भी नाम वापस ले लिया था, तभी से फ्रेंच ओपन खेलने पर सस्पेंस था। शुक्रवार के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने पेरिस न जाने की पुष्टि कर दी।

### कोच और टीम की सलाह- वापसी में जल्दबाजी न करें

अल्काराज ने पोस्ट में लिखा, हमने तय किया है कि सबसे समझदारी वाला काम सावधानी बरतना है। रोम या रोलां गैरो में हिस्सा न लेना एक कठिन फैसला है, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं इस चोट से उबरकर और मजबूती से वापसी करूंगा। अल्काराज अब मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैब करेंगे और रिकवरी की प्रोग्रेस देखने के बाद ही तय करेंगे कि वे किस टूर्नामेंट से वापसी करेंगे।

### शानदार रहा है सीजन, पिछले साल बचाई थी बादशाहत

अल्काराज के लिए यह साल शानदार रहा है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था। इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 22-3 रहा है और उन्होंने दोहा में एक खिताब जीता है। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में उन्होंने जनिक सिनर के खिलाफ तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर खिताब जीता था।


### रैंकिंग पर पड़ेगा असर, सिनर को फायदा

अल्काराज ने 12 अप्रैल को मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में जैनिक सिनर से हारकर वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग गंवा दी थी। अब फ्रेंच ओपन से हटने के कारण उन्हें रैंकिंग पॉइंट्स का बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि वे मौजूदा चैंपियन के तौर पर अपने पॉइंट्स डिफेंड करने वाले थे। उनकी गैर-मौजूदगी में सिनर और नोवाक जोकोविच के बीच खिताबी जंग और रोचक होगी।

# कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बैटर, 300 सिक्स भी पूरे

## चिन्नास्वामी में बेंगलुरु की 50वीं जीत, बने कई रिकार्ड्स

**चिन्नास्वामी (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के 34वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने 81 रन की शानदार पारी खेलते हुए इतिहास रच दिया। कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने, साथ ही उन्होंने 300 छक्कों का आंकड़ा भी छू लिया। वे लीग में 9 हजार रन के करीब भी पहुंच गए हैं और इस बड़े माइलस्टोन से महज 11 रन दूर हैं। बेंगलुरु ने अपने होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 50वीं जीत दर्ज कर एक और उपलब्धि हासिल की। वहीं गुजरात की पारी में साई सुदर्शन ने शतक जड़ते हुए क्रुणाल पंड्या की बाउंसर पर एक हाथ से शानदार छक्का लगाकर मैच का यादगार मोमेंट भी दिया।



**कोहली आईपीएल में 9 हजार रन बनाने से 11 रन दूर** – कोहली ने गुजरात के खिलाफ 44 गेंद पर 81 रन बनाए। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 266 पारियों में 8989 रन दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने 271 पारियों में 7183 रन बनाए हैं।

**कोहली के आईपीएल में 800 चौके पूरे** – कोहली ने शुक्रवार को 8 चौके जड़े। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 800 चौके भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा 807 चौके लगाए हैं। उनके बाद शिखर धवन हैं, जिन्होंने 768 चौके लगाए हैं। 663 चौकों के साथ डेविड वॉर्नर तीसरे नंबर पर हैं।

**आईपीएल में कोहली के 300 छक्के पूरे** – कोहली ने मैच में 81 रन की पारी के दौरान 4 छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 300 छक्के भी पूरे कर लिए। यह आंकड़ा पार करने वाले वह तीसरी खिलाड़ी हैं। आईपीएल में सबसे छक्के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 357 छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा 310 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### चिन्नास्वामी पर आरसीबी की 50वीं जीत

आरसीबी ने चिन्नास्वामी पर 50वीं जीत दर्ज की। वह ऐसा करने वाली चौथी टीम बन गई है। किसी एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड मुंबई के नाम है, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर 58 मैच जीते हैं। कोलकाता ईडन गार्डन्स पर 55 जीत के साथ दूसरे और चेन्नई एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 53 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है।

### आरसीबी के खिलाफ 15वां शतक लगा

आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शतक जड़ा। आईपीएल में 15वीं बार है जब किसी बल्लेबाज ने बेंगलुरु के खिलाफ सेंचरी लगाई। यह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगने का रिकॉर्ड है। 14-14 शतकों के साथ कोलकाता और मुंबई संयुक्त रुप से दूसरे नंबर पर है।

### सुदर्शन ने आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन पूरे किए

आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शानदार शतक लगाया। इस पारी के दौरान 72 रन बनाते ही उनके आईपीएल में 2000 रन पूरे हुए। उन्होंने सिर्फ 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की, जो सबसे तेज है। इससे पहले क्रिस गेल ने 48 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे।

## खेल जगत से आई दुखद खबर

# बुझ गया हॉकी का चमकता सितारा, नहीं रहे 1968 ओलंपिक के नायक गुरबक्स सिंह ग्रेवाल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग के गवाह और 1968 के मेक्सिको ओलंपिक में तिरंगा लहराने वाले दिग्गज खिलाड़ी गुरबक्स सिंह ग्रेवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने पंजाब में मोहाली जिले के जिरक पुर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।



बता दें कि गुरबख्श सिंह ग्रेवाल ने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ मिलकर इतिहास रचा था जब दोनों सगे भाइयों ने एक साथ ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास में एक अनोखा कीर्तिमान मानी जाती है। वह पश्चिम रेलवे में वरिष्ठ खेल अधिकारी के रूप में भी कार्यरत रहे और खिलाड़ी के साथ-साथ प्रशासक के रूप में भी उन्होंने खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं सुरजीत हॉकी सोसाइटी के पदाधिकारी इकबाल सिंह संधू ने ग्रेवाल के निधन पर शोक जताते हुए इसे हॉकी जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। विभिन्न खेल और सामाजिक संगठनों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# न्यूजीलैंड की दिग्गज ऑलराउंडर सूजी बेट्स ने किया संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सूजी बेट्स ने महिला टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। टूर्नामेंट का आगाज 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में होगा। इसमें 38 वर्षीय बेट्स के पास अपने देश के लिए खेले 362 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मौजूदा संख्या में और कुछ मैच जोड़ने का आखिरी मौका मिलेगा।

सूजी बेट्स जून में शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में अपनी टीम को लगातार दूसरा खिताब दिलाने का लक्ष्य रखेंगी। व्हाइट फर्न्स को ग्रुप-बी में मेजबान इंग्लैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।अपने शानदार करियर पर बात करते हुए बेट्स ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, जब मैं पिछले 20 से ज्यादा वर्षों पर नजर डालती हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं होता कि समय इतनी तेजी से कैसे बीत गया। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार फर्न (न्यूजीलैंड टीम का प्रतीक) पहना है। इस टीम के लिए हर दिन एक बेहतर इंसान, टीममेट, क्रिकेटर और एथलीट बनने की कोशिश करने में मुझे बहुत मकसद और खुशी मिली है।



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सूजी बेट्स के हवाले से कहा, मेरे सभी टीममेट्स और कोचों के प्रति मेरी कृतज्ञता को शब्दों में पूरी तरह से बयां नहीं किया जा सकता। मेरा एक आखिरी मिशन है- यूके जाना...एक ऐसी जगह जहां मेरी बहुत सारी खास यादें जुड़ी हैं और एक और वर्ल्ड कप जीतना।

### कैसा रहा करियर?

बेट्स ने सभी फॉर्मेट में कुल मिलाकर 14 शतक लगाए और 145 विकेट लिए हैं। यह ऑलराउंडर हाल के समय के सबसे शानदार रिकॉर्ड्स में से एक के साथ खेल को अलविदा कहेंगी। उन्होंने साल 2006 में भारत के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से अपने देश के लिए लगातार उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है। बेट्स ने 2011 से 2018 के बीच न्यूजीलैंड की कप्तानी भी की। साल 2013 में उन्हें आईसीसी विमेंस वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उस साल भारत में हुए विश्व कप में उन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन किया था और सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी थीं। इसके अलावा, 2016 में भी उन्हें आईसीसी विमेंस वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर और आईसीसी विमेंस टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। यह वह दौर था, जब उन्होंने दोनों ही फॉर्मेट में द्विपक्षीय क्रिकेट में अपना दबदबा बनाए रखा था।

हाल के समय में, जब टीम की नियमित कप्तान सोफी डिवाइन टीम से बाहर रही हैं, तब बेट्स ने कप्तान की जिम्मेदारी भी संभाली है। टीम के नजरिए से उनका सबसे यादगार पल तब आया, जब टी20 वर्ल्ड कप 2024 एडिशन इस टीम ने जीता था। इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे।

## व्यापार

# अमेरिका ने दिया 123 प्रतिशत की ड्यूटी का झटका, सोलर कंपनियों के शेयर हुए धड़ाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वारी एनर्जीज समेत कई सोलर कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट से ज्यादा तक लुढ़क गए। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात किए जाने वाले सोलर सेल्स और पैनल्स पर प्रीलिमनेरी एंटी-डंपिंग ड्यूटीज की घोषणा की है। अमेरिका में कई घरेलू फैक्ट्री मालिकों ने आरोप लगाया था कि इन 3 देशों की कंपनियां अमेरिकी मार्केट में सस्ते सामान की डंपिंग कर रही हैं, इसके बाद यूएस कॉमर्स डिपार्टमेंट ने यह घोषणा की है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। रॉयटर्स कैलकुलेशंस के मुताबिक, हालिया बदलावों के बाद भारत से होने वाले आयात के लिए प्रीलिमनेरी ड्यूटी रेट्स, जिन्हें डंपिंग मार्जिन्स के नाम से जाना जाता है, बढ़कर 123.04 पर्सेंट पहुंच गए हैं।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द, यूपीआई और ग्राहकों के लिए इसका मतलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। यह कदम एक रेगुलेटरी प्रक्रिया का औपचारिक अंत है। इसने पिछले दो सालों में इस संस्था को पहले ही काफी हद तक इनैक्टिव कर दिया था। हालांकि, कागजों पर यह कदम काफी अहम लगता है। लेकिन, पेटीएम के कामकाज और ग्राहकों पर इसका असल असर सीमित रहने की उम्मीद है। कामकाज के लिहाज से पेटीएम पेमेंट्स बैंक 2024 की शुरुआत से ही एक तरह से ठप पड़ा था। आरबीआई ने धीरे-धीरे पाबंदियां और कड़ी कर दी थीं। सबसे पहले 2022 में नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगाई। बाद में जनवरी 2024 में नए डिपॉजिट, क्रेडिट लेन-देन और वॉलेट टॉप-अप पर भी रोक लगा दी। 15 मार्च 2024 तक बैंक अब कोई भी नया फंड स्वीकार नहीं कर सकता था। इससे बैंक की मुख्य बैंकिंग गतिविधियां पूरी तरह से रुक गईं। तब से बैंक को सिर्फ मौजूदा बैलेंस से पैसे निकालने और लोन रेफरल जैसी कुछ सीमित सेवाएं देने की ही इजाजत थी। कोई नया डिपॉजिट या सक्रिय बैंकिंग काम न होने की वजह से 2024-2025 के दौरान यह संस्था असल में निष्क्रिय हो गई। लाइसेंस रद्द होने से अब इस स्थिति को औपचारिक रूप मिल गया है। आरबीआई अब इसे बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला है। अहम बात यह है कि रेगुलेटर ने भरोसा दिलाया है कि बैंक के पास सभी डिपॉजिट करने वालों का पैसा लौटाने के लिए काफी लिक्विडिटी है। इससे बिना किसी बड़ी रुकावट के इसे व्यवस्थित तरीके से बंद किया जा सकेगा। पेटीएम के बड़े पेमेंट्स बिजनेस पर इसका असर बहुत कम होगा। 2024 की पाबंदियों के बाद कंपनी ने पहले ही अपने इकोसिस्टम को इस तरह से दोबारा बनाया था कि वह अपनी बैंकिंग शाखा से अलग होकर काम कर सके। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने पेटीएम को एक थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के तौर पर मंजूरी दे दी थी। इसका मकसद यह था कि वह पार्टनर बैंकों के जरिए यूपीआई सेवाएं जारी रख सके। उसका यूपीआई हैंडल एक मल्टी-बैंक फ्रेमवर्क में बदल दिया गया। इसकी अगुवाई यस बैंक कर रहा था।

# सीईओ को करीब 52 करोड़ के शेयर देगी दिग्गज कंपनी, कर्मचारियों को क्या मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने अपने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक यानी एमडी सलील पारेख को कुल 51.75 करोड़ रुपये के शेयर देने को मंजूरी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने 2015 और 2019 की शेयर प्रोत्साहन योजनाओं के तहत रिस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट (आरएसयू) देने को मंजूरी दी है। इसके तहत सलील पारेख को 34.75 करोड़ रुपये मूल्य के आरएसयू मिलेंगे जो परफॉर्मेंस के आधार पर एक वर्ष बाद दिए जाएंगे। इसके अलावा, 2019 की विस्तारित शेयर स्वामित्व योजना के तहत उन्हें 10 करोड़ रुपये मूल्य के आरएसयू दिए गए हैं। कंपनी ने पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रशासन (ईएसजी) लक्ष्यों से जुड़े दो करोड़ रुपये और कुल शेयरधारक रिटर्न से जुड़े पांच करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मंजूर किए हैं। कंपनी ने कर्मचारियों के लिए भी शेयर प्रोत्साहन की घोषणा की है। इसके तहत 2015 योजना में पात्र कर्मचारियों को 27,193 आरएसयू दिए जाएंगे जो दो से तीन वर्ष में चरणबद्ध तरीके से मिलेंगे। वहीं, 2019 योजना के तहत 1.90 करोड़ रुपये मूल्य के प्रदर्शन आधारित शेयर भी मंजूर किए गए हैं।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, सोना भी बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका ने भले ही ईरान के साथ युद्ध विराम की अवधि को बढ़ा दी हो, लेकिन संकट अभी टला नहीं है। इसके बावजूद अप्रैल के तीन सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में .15.25 की बढ़ोतरी हुई है। पिछले सप्ताह ही अपने फोरेक्स भंडार में 2.36 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक महीना पहले यानी मार्च 2026 के 4 सप्ताह के दौरान तो भंडार से .40 से भी ज्यादा निकल गए थे।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 17 अप्रैल 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.362 बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 3.825 बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 703.308 तक पहुंच गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार बढ़ कर 728.494 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।


**स्वष्ट भंडार में बढ़ोतरी:** रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 17 अप्रैल 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में .1.481 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 3.127 की बढ़ोतरी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 557.463 का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।



**गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा:** आलोच्य सप्ताह के दौरान रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में .790 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें .601 की बढ़ोतरी हुई थी। इसी के साथ अब अपने सोने के भंडार का वैल्यू बढ़ कर .122.133 का हो गया है। उल्लेखनीय है कि इस समय आरबीआई के पास सोने का भंडार 880 टन के पार चला गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 15 प्रतिशत बैठता है। इसके मूल्य में कमी होती है यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित करता है। बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में .78 की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर .18.841 का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी .14 की बढ़ोतरी हुई है।

# बैंक ने रिजेक्ट कर दिया लोन, तभी आया आइडिया, किराए को क्रेडिट स्कोर बना खड़ा किया बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सारिका शेट्टी मुंबई की रहने वाली हैं। अपनी मेहनत और सूझबूझ से उन्होंने एक सफल कारोबार खड़ा कर दिया है। इसका नाम रेंटेनपे है। सारिका ने इसकी नींव 2022 में रखी थी। यह फिनटेक स्टार्टअप किराए के पेमेंट को फाइनेंशियल एसेट में बदलने में मदद करता है। पहले सारिका ऑटोमोबाइल सेक्टर में थी। फोर्ड, फॉक्सवैगन और जैसी बड़ी कंपनियों के साथ काम किया। लेकिन, उनकी जिंदगी में मोड़ तब आया जब एक स्टेबल नौकरी और आर्थिक अनुशासन के बावजूद बैंक ने उनका होम लोन रिजेक्ट कर दिया। बैंक ने उनकी ओर से समय से सालों से दिए गए किराए को 'क्रेडिट एलिजिबिलिटी' का आधार मानने से इनकार कर दिया था। इसी ने उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने का आइडिया दिया जो आज 'रेंट स्कोर' के जरिये वित्तीय पहचान का जरिया बन गया है। आइए, यहां सारिका शेट्टी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**ऐसे आया आइडिया:** सारिका शेट्टी मुंबई से हैं। उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से बीकॉम करने के बाद सैन फ्रांसिस्को से एमबीए किया। उनके करियर की शुरुआत 2004 में ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से हुई। उन्होंने महानगर में कई हजार करोड़ रुपये की लग्जरी गाड़ियां बेचने में भूमिका निभाई। उनका करियर ऊंचाइयों पर था। लेकिन, जब उन्होंने खुद के सपनों का घर खरीदने के लिए लोन आवेदन किया तो उसे ठुकरा दिया गया। बैंक ने उनके सालों के रेंट पेमेंट रिकॉर्ड को पूरी तरह नजरअंदाज किया। सारिका को अहसास हुआ कि भारत में किराएदार आर्थिक रूप से 'अदृश्य' हैं। यहीं से उनके मन में इस समस्या को जड़ से खत्म करने का आइडिया आया। सारिका ने अपनी रिसर्च में पाया कि मीडियम और अपर-मीडियम क्लास के करोड़ों लोग किराए पर रहते हैं। अपनी आय का 30 प्रतिशत हिस्सा किराए में देते हैं। फिर भी उन्हें इसका कोई वित्तीय लाभ नहीं होता। उन्होंने 2022 में की शुरुआत की। 'रेंट स्कोर' जैसा कॉन्सेप्ट पेश किया। यह एक ऐसा स्कोर है जो किराएदार के पेमेंट के अनुशासन को मापता है। उनका यह विजन किराए को लायबिलिटी से बदलकर फाइनेंशियल एसेट में तब्दील कर रहा है।

सिर्फ किराएदारों के लिए ही नहीं, सारिका मकान मालिकों के लिए भी 'ट्रस्ट डेफिसिट' (विश्वास की कमी) को दूर करने का काम कर रही हैं। उन्होंने रेसिडेंस कार्ड पेश किया। यह कार्ड किराएदार की पूरी प्रोफाइल और वित्तीय अनुशासन का प्रमाण होता है। सारिका की अगुवाई में उनके प्लेटफॉर्म ने मकान मालिकों के लिए वेरिफिकेशन और इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं जोड़ीं। इससे सुरक्षित और तनावमुक्त रेंटल पार्टनरशिप की शुरुआत हुई। उनके इस प्रयास ने उन युवाओं के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जो शहरों में नए हैं। पहली बार किराए पर घर ले रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)